दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



फिल्म कुबेर हुई रिलीज........

डायना डिटेक्टिव शेरदिल ..........

वर्ष : 11 | अंक : 185 | लखनऊ, 22 जून, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## दुनिया तनाव से गुजर रही है, योग से हमें शांति की दिशा मिलती है: प्रधानमंत्री मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है और यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरूआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है , जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें। उन्होंने कहा, आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए। जहां हर व्यक्ति दिन की शुरूआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो। जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने।

प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग 2.0 की शुरूआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। उन्होंने कहा कि योग सभी का है, और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दशार्ता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि मानव कल्याण उस मिट्टी के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है जो भोजन उगाती है, उन नदियों पर निर्भर करता है जो पानी देती हैं और उन जानवरों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है जो पारिस्थितिकी तंत्र को साझा करते हैं तथा उन पौधों पर निर्भर करता है जो पोषण करते हैं। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।

## भारत में कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए भारी पड़ेगा, ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ: राजनाथ सिंह



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आतंकवादियों को एक सशक्त और कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत अब आतंकवाद का शिकार नहीं रहेगा। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में उत्तरी कमान के जवानों से बातचीत करते हुए सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को एक शक्तिशाली संदेश दिया है कि नया भारत दृढ़ निश्चयी है और अब आतंकवाद का शिकार नहीं होगा, बल्कि ताकत और रणनीति के साथ जवाब देगा। राजनाथ सिंह दिन में सेना के जवानों के साथ बड़ा खाना में शामिल होने के लिए उधमपुर पहुंचे। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी थे।

### भारत में कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए भारी पड़ेगा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में भारत की धरती पर कोई भी आतंकवादी हमला होता है तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

### ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है

सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ मौजूद सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है... इस ऑपरेशन के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत में आतंकवाद जारी रखने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक (सीमा पार) का ही विस्तार है। हमने पाकिस्तान को बता दिया है कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी।

### भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने के लिए तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने छह और सात मई की मध्य रात्रि में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे पर हमला किया था। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10


## समाज को शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ व अनुशासित बनाते हैं योग और खेल : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि योग और खेल दो ऐसे प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ तथा अनुशासति बनाते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में उपस्थित लोगों कोशुभकामनाएं दीं और कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। राजभवन से जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुबह छह बजे राजभवन परिसर में स्थित बड़े लॉन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने के बाद राज्यपाल ने योग के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। ऐसे नागरिक न केवल अपने परिवार और समुदाय के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं, बल्कि हर दृष्टि से लोकहित में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि मिलकर देश को विकसित और सशक्त बनाएं।

## योग स्वस्थ शरीर के साथ हम सबको स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है, योगी आदित्यनाथ का संदेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य लोगों ने शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखपुर में योग किया। उन्होंने सभी का स्वागत किया और कहा कि योग दिवस देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। उन्होंने योग को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की।

जनता को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज गोरखपुर में योग दिवस मनाया जा रहा है। स्थानीय मंत्री, सांसद, अन्य जनप्रतिनिधि और यहां के सभी भाई-बहन इसमें भाग ले रहे हैं। मैं सभी का स्वागत करता हूं। यह कार्यक्रम सिर्फ यहां ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया में हो रहा है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग का संदेश फैला रहे हैं। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर के साथ हम सबको एक स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। लखनऊ में शनिवार को राजभवन समेत प्रदेश भर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राजभवन में प्रतिभागियों के साथ इस आयोजन में शामिल हुई, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सहभागिता की। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर विशेष योगाभ्यास सत्र प्रदेश भर में निर्धारित स्थानों पर सुबह छह बजे से ही शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य लोगों ने शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखपुर में योग किया। उन्होंने सभी का स्वागत किया और कहा कि योग दिवस देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है।

### संक्षिप्त समाचार

## योग के शाश्वत ज्ञान ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति एकजुट किया है: धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि योग के शाश्वत ज्ञान ने लोगों को स्वास्थ्य और सद्भाव के साथ जोड़ने का काम किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह प्राचीन अभ्यास विश्व को भारत का उपहार है और यह विश्व भर में लाखों लोगों के लिए शांति, शक्ति और एकता की भावना लेकर आता है। धनखड़ ने एक्स पर कहा, भारत की 5,000 साल पुरानी सभ्यतागत विरासत में निहित योग के कालातीत ज्ञान ने मानवता को स्वास्थ्य और सद्भाव के साथ जोड़ने का काम किया है।

## योग भारत की सौम्य शक्ति और संपूर्ण मानव जाति की साझा विरासत का शानदार उदाहरण है: राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को योग को भारत की सौम्य शक्ति का एक शानदार उदाहरण बताया और कहा कि योग अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है।

योग दिवस के अवसर पर यहां पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब से संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के रूप में मनाने के भारत के प्रस्ताव को अपनाया है, तब से दुनिया भर के अधिकतर देशों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया है और इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अब पूरी मानव जाति की साझा विरासत बन गया है। योग की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कुवैत की योग साधक शीखा शेखा अली अल-जबर अल सबा का उल्लेख किया, जिन्हें योग को बढ़ावा देने और इसके माध्यम से संस्कृतियों को एकीकृत करने के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था।

राष्ट्रपति ने कहा, योग किसी धर्म, संप्रदाय या समुदाय से जुड़ा नहीं है। यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने सभी से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इसे दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि योग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को रोकने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और मन, शरीर और आत्मा को जोड़ने में कारगर है। मुर्मू ने शनिवार को उत्तराखंड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा संपन्न की। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह भी शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि योग दुनिया को भारत की ओर से दिया गया अमूल्य उपहार है। उन्होंने कहा, भारत पहले से ही योग के क्षेत्र में विश्व गुरु के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद थे, जहां विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने योगासन किए।

## सोनम और राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

### अब उठ सकते हैं कई राज से पर्दा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मेघालय के शिलांग में जिला सत्र न्यायालय ने सनसनीखेज राजा रघुवंशी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और राज कुशवाह को शनिवार (21 जून) को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हनीमून ट्रिप के दौरान संभावित पूर्व नियोजित साजिश के खुलासे के बाद इस मामले ने राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। सहायक लोक अभियोजक तुषार चंदा ने बताया कि अदालत ने दोनों आरोपियों को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने हिरासत की मांग नहीं की थी। जांच अधिकारी ने न्यायिक हिरासत की मांग की थी। अदालत ने 13 दिन की न्यायिक हिरासत मंजूर कर ली है। राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन रघुवंशी ने सोनम पर आरोप लगाया है कि उसने अपनी शुरूआती आठ दिन की हिरासत के दौरान पुलिस जांचकताओं को गुमराह किया। इंदौर से बात करते हुए उन्होंने कथित हत्या की साजिश के पूरे दायरे को उजागर करने के लिए एक विस्तारित पुलिस रिमांड और गहन पूछताछ की मांग की। उन्होंने कहा कि उसने महत्वपूर्ण विवरण छिपाए।

## मोदी जी ने समाधान नहीं, नारे लगाने की कला में महारत हासिल की है : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद, देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और युवा बेरोजगारी बहुत अधिक है। गांधी ने मेक इन इंडिया पहल की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में विनिर्माण 2014 के बाद से अर्थव्यवस्था के 14 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।

उन्होंने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और चीन से आयात में दोगुनी वृद्धि की ओर भी इशारा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वास्तविक समाधानों के बजाय नारों पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर किया और लिखा, मेक इन इंडिया ने फैक्ट्री बूम का वादा किया था। तो विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से, विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था का 14% तक गिर गया है। उन्होंने भारत के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, एक पोस्ट में साझा किया कि उन्होंने नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवाओं, शिवम और सैफ से मुलाकात की, जो अपनी क्षमता को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने देश के मौजूदा आर्थिक मॉडल की आलोचना की और कहा, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में, मैं शिवम और सैफ से मिला - जो प्रतिभाशाली, कुशल, संभावनाओं से भरे हुए हैं - फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है: हम इकट्ठा करते हैं, हम आयात करते हैं, लेकिन हम निर्माण नहीं करते। चीन लाभ कमाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई नया विचार नहीं है और उन्होंने भारत के उद्योगों को बढ़ाने की कोशिश छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण पीएलआई योजना को भी चुपचाप बंद किया जा रहा है।

## तमिलनाडु के राज्यपाल की फिटनेस देख सभी हैरान, 73 की उम्र में लगी दीं 51 पुश-अप्स

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तमिलनाडु के राज्यपाल रवींद्र नारायण रवि ने शनिवार सुबह मदुरै के वेलाम्मल शैक्षणिक संस्थान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान हजारों लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। 10,000 से अधिक छात्रों के साथ भाग लेते हुए, 73 वर्षीय राज्यपाल ने न केवल योग सत्र के दौरान उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि एक ऐसा अद्भुत प्रदर्शन भी किया, जिसने उम्र और युवावस्था के बीच की रेखाओं को धुंधला कर दिया। ट्रैकसूट और बनियान पहने, पारंपरिक औपचारिक पोशाक से दूर, राज्यपाल ने दिन की भावना को ऊर्जा के साथ अपनाया, जो उनकी उम्र को झुठलाती थी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) प्रशिक्षण पृष्ठभूमि का लाभ उठाते हुए, उन्होंने प्रत्येक योग आसन को सटीकता और संतुलन के साथ किया। सत्र का सबसे महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब उन्होंने योग सत्र के बाद बिना किसी प्रयास के लगातार 51 पुश-अप पूरे किए, जिससे दर्शकों में उत्साह भर गया। सत्र से पहले राज्यपाल रवि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योग के समग्र मूल्य पर प्रेरणादायी बातें कहीं। उन्होंने कहा, योग केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं है - यह आत्म-जागरूकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास का मार्ग है। यह दुनिया को भारत का अनमोल उपहार है। उन्होंने याद किया कि कैसे 2015 में भारत के प्रस्ताव के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था और कहा कि यह तिथि ग्रीष्म संक्रांति से मेल खाती है, जो सूर्य को समर्पित है - जो पृथ्वी का ऊर्जा स्रोत है।

## बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते, उन्हें गोबर पसंद... अखिलेश ने कसा तंज

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर से भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये सरकार कह रही है कि एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेंगे। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी ने एक्सप्रेस-वे के किनारे किसानों के लिए बाजार बनाने शुरू किए थे। बीजेपी को किसानों के लिए बाजार बनाने पर ध्यान देना चाहिए। बाजार ऐसे होने चाहिए कि हर फसल वहीं खरीदी जाए... गाय के दूध के प्लांट को क्यों बंद कर दिया?... इन भाजपाइयों को दूध से बने उत्पादों से क्या लेना-देना?

अखिलेश ने तंज सकते हुए कहा कि बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते... उन्हें गोबर पसंद है। उन्हें गोबर उपहार में दिया जाए तो उन्हें अच्छा लगता है. अगर आप उन्हें गाय के दूध से बने उत्पाद जैसे घी या दही उपहार में देंगे तो वे नाराज हो जाएंगे... उन्हें गोबर दिया जाए तो वे खुश हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी कारोबार करने वाले लोग हैं, हम समाजवादियों से जो मदद और सहयोग हो सकती है हम उनकी करेंगे।

पूर्व सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी स्कूलों के मर्जर के फैसले के खिलाफ है। अगर स्कूल घर से दूर होगा तो बच्चे कैसे पहुंचेंगे, खासकर बेटियां कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि मरीज आईसीयू में बिना बिजली के कैसे जीवित रहेंगे? स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर ही नहीं हो रहे। जाने का वक्त है सरकार का, इसीलिए सब सरकार के लोग इसी में लगे हैं कि ट्रांसफर पोस्टिंग से ही कुछ कमा ले। अखिलेश यादव ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि इसके शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं और राज्य में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और राज्य में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताया। उन्होंने स्थानांतरण और पदस्थापना के नाम पर बसूली का आरोप भी लगाया।

## दबंग बाउंसर ने युवक की गाड़ी पर ईंट फेंका

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते रविवार की शाम एक दबंग बाउंसर ने एक युवक की गाड़ी पर ईंट फेंका विरोध करने पर वह उसके संग गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित हरीओम नगर निवासी तन्मय मिश्र पुत्र स्व श्रीकांत मिश्र के अनुसार बीते 15 जून रविवार कि शाम लगभग 6 बजे वह अपनी गाड़ी संख्या यूपी 32 पी टी 9798 से जा रहा था। आरोप है कि उस दौरान थाना क्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल में तैनात बाउंसर ने उसकी गाड़ी पर ईंट फेंक दिया। जिसका विरोध करने पर उक्त बाउंसर उसके संग गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था कि उक्त बाउंसर के पास एक पिस्टल भी थी, जो अवैध प्रतीत हो रही थी।

# दो पक्षों में रास्ते के विवाद को लेकर खूनी संघर्ष छह से अधिक लोग घायल, एक की हालत गंभीर....

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के बखतौरी खेड़ा गांव में शनिवार सुबह रास्ते के पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें एक महिला समेत दोनों पक्षों के छह से अधिक लोग घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया, जहाँ से एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बलरामपुर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, बखतौरी खेड़ा निवासी रामप्रताप और उनके परिवार का गांव के ही राजाराम से रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है शुक्रवार को इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब





राजाराम के समर्थक धर्मेंद्र कुमार और रामप्रताप के बीच तीखी नोकझोंक हो गई आरोप है कि इसी कहासुनी के बाद रामप्रताप और उनके बेटों ने धर्मेंद्र की पिटाई कर दी, जिसमें धर्मेंद्र का सिर फट गया।

हालाँकि, शनिवार सुबह मामला एक बार फिर उग्र हो गया किसी बात को लेकर फिर से कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया इस हिंसा में रामप्रताप, राजन और साजन के सिर फट गए, जबकि दूसरे पक्ष से पिंटू, जितेंद्र, राजाराम और श्रीमती को गंभीर चोटें आईं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निगोहां भेजा जहाँ से रामप्रताप की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली लिखित शिकायतों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है वही बातगांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# दबंग ने फोन पर युवक को दी धमकी, घर पहुंच कर की कट्टे से फायरिंग, ऑडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बीती शुक्रवार रात करीब 11 बजे पड़ोस के गांव रामपुर बस्ती निवासी आदित्य प्रताप सिंह को फोन कर अभद्र प्रकार की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए। उसी रात करीब साढ़े 12 बजे दो बाइकों पर सवार होकर चार अज्ञात साथियों और अपने भाई के साथ रामपुर बस्ती निवासी आदित्य प्रताप सिंह के दरवाजे पर आ धमके और दरवाजे पर अभद्र प्रकार की गालियां देते हुए कट्टे से फायर कर दी। कट्टे की फायर की आवाज सुनकर बाहर निकले पड़ोसी रणवीर सिंह ने देखा कि दो बाइकों पर तीन-तीन लोग सवार थे। और उसके दरवाजे के आगे सड़क पर एक खाली खोखा भी पड़ा था जिसका वीडियो पीड़ित ने अपने फोन में बनाकर कैद कर लिया है। इससे पूर्व पीड़ित के बड़े भाई मान बहादुर सिंह की हत्या हो चुकी है। जिसके चलते पीड़ित को आशंका है कि किसी भी वक्त उसके परिवार के लोगों की हत्या की जा सकती है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद से वह काफी डरे हुए हैं। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। जिसका बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# दरोगा बना हैवान वर्दी की हनक .....

## ट्रैफिक सिग्नल तोड़कर सैन्य अधिकारी की कार में मारी टक्कर, विरोध पर की पिटाई, फिर कुचलने की कोशिश....

अमन लेखनी समाचार/ सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। तेलीबाग चौराहे पर कानून का रखवाला खुद कानून तोड़ता दिखा सिग्नल तोड़कर गलत दिशा से आ रही एक सफेद ब्रेजा कार ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल की कार में टक्कर मार दी कार चला रहा व्यक्ति कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि पुलिस महकमे में तैनात एक उपनिरीक्षक (सब इंस्पेक्टर) था, जो वर्दी की धौंस में इतना चूर था कि टक्कर के बाद पीड़ित से माफी मांगने की बजाय उल्टा उस पर हाथ उठा बैठा पीड़ित सैन्य अधिकारी आनंद प्रकाश सुमन, जो वर्तमान में एनसीसी बिहार-झारखंड यूनिट में लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर तैनात हैं, किसी परिचित से मिलने पीजीआई की ओर जा रहे थे सिग्नल पर जैसे ही उनकी गाड़ी बढ़ी, सामने से नियम तोड़कर आई दरोगा की ब्रेजा ने टक्कर मार दी विरोध करने पर दरोगा अपनी गाड़ी से उतरा और सैन्य अधिकारी पर थप्पड़ों की बरसात कर दी घटना यहीं नहीं रुकी लेफ्टिनेंट कर्नल सुमन जब अपनी कार से उतरे और दरोगा को रोकने का प्रयास किया, तो दरोगा ने उन्हें कुचलने की नीयत से गाड़ी चढ़ा दी। अधिकारी के पैर पर चढ़ते हुए वह फरार हो गया।

### कोतवाली में दी गई तहरीर, लेकिन दरोगा की कार का नंबर अब तक अज्ञात........

लेफ्टिनेंट कर्नल सुमन ने घटना की तहरीर पीजीआई कोतवाली को दी है प्रभारी अतिरिक्त इंस्पेक्टर विनोद कुमार पांडे के अनुसार, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है लेकिन हैरत की बात यह है कि आरोपी दरोगा की कार का नंबर अब तक ट्रेस नहीं किया जा सका है

सवाल यही है जब वर्दीधारी ही बेलगाम हो जाएं, तो कानून की रक्षा कौन करेगा? और क्या ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी अब सिर्फ सिग्नल चालू रखने तक सिमट गई है?

यह घटना न सिर्फ एक अफसर पर हमले की है, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करती है अगर अब भी ऐसे बेलगाम दरोगाओं पर कार्रवाई नहीं होती, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की कल्पना बेमानी है।

### ट्रैफिक पुलिस बनी मूकदर्शक सीसी टीवी देखने की सलाह देकर पल्ला झाड़ा.......

इस गंभीर घटना के दौरान चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस सिर्फ तमाशा देखती रही। जब उनसे जानकारी चाही गई तो जवाब मिला—₹हम चौराहा चलाते हैं, लड़ाई-झगड़ा नहीं देखते, जाओ सी सी टीवी देखो।इस गैरजिम्मेदाराना रवैये से न केवल पुलिस विभाग की छवि पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है, बल्कि यह भी जाहिर होता है कि आम जनता तो दूर, सेना के अधिकारी भी अब सुरक्षित नहीं हैं।

# सामान खरीद रहे किसान की जेब से पचास हजार किया पार, घटना का वीडियो कैमरे में कैद



घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते शुक्रवार को एक होटल पर सामान खरीद रहे एक किसान की जेब से जेबकतरे ने हजारों रुपये पार कर फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मिली तहरीर और फुटेज के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

मलिहाबाद नगर पंचायत के मुजासा निवासी अंसार ने मलिहाबाद थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मलिहाबाद के मुख्य गेट के अंदर स्थित शंकर होटल पर शुक्रवार शाम को सामान खरीदने गया था। और वह होटल पर सामान खरीद रहा था तभी वहां पर पीछे से आया एक अज्ञात युवक ने चोरी की नीयत से उसकी जेब से 50 हजार रुपए पार कर फरार हो गया। और घटना का वीडियो उसी होटल में लगे सीसीटीवी में हुआ कैद। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर मिली है जिसकी जांच की जा रही है।

# एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में अमौसीसी के चौथरा टोला निवासी रामचंद्र ने कुछ प्रॉपर्टी डीलरों पर क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से उसकी खसरा संख्या -1444 संक्रमणीय जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। उसका कहना है कि बीती 17 जून को पीड़ित की गैर मौजूदगी में प्रॉपर्टी डीलरों ने जेसीबी के जरिए उसके खेत की सारी बांस बल्ली और मेड तोड़कर लेखपाल की मिली भगत और उसकी मौजूदगी में सारा खेत खोदकर तहत नहस कर कब्जा कर लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देने के साथ ही तहसील के उच्च अधिकारियों तक ऊंची पहुंच का हवाला देकर उसे डरा धमका दिया। पीड़ित रामचंद्र के मुताबिक वह उनकी धमकी से काफी डरा सहमा है। इसी तरह बीबीपुर के टीकाराम ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे और उसकी पत्नी किरन के नाम पात्रता के आधार पर कृषि भूमि का आवंटन हुआ था। जिसका खसरा संख्या -820 मि., रकबा 0.1270 हेक्टेयर है। उसका कहना है कि सरोजनी नगर तहसील कर्मियों ने रियल टाइम खतौनी बनाते समय पीड़ित का नाम हटाकर बिना किसी दान, बैनामा, अंतरण के उसके नाम के स्थान पर सुलेखा कुमारी पत्नी गोविंद प्रताप निवासी नीवा बरौली के नाम तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से दर्ज कर दिया। पीड़ित ने उक्त खतौनी में सुलेखा कुमारी का फर्जी नाम हटाकर अपना नाम दर्ज करने की मांग की है। इसी प्रकार औरावां के नेपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई की नगर पंचायत बंथरा के वार्ड नंबर 12 में उसके घर के पास लगे इंडिया मार्का हैंड पंप पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा है, उसकी पाइपें भी खराब हो गई है। आरोप लगाया कि नगर पंचायत कार्यालय में छह बार शिकायत करने के बाद भी उसे नहीं ठीक किया गया। वहीं नारायणपुर के रोहित सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई की नारायणपुर में बनी - मोहान मार्ग पर आबादी में मार्ग के दोनों तरफ लोक निर्माण विभाग द्वारा इंटरलॉकिंग का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और जो किया भी गया, वह गुणवत्ता और मानक के अनुसार नहीं है। जिससे सड़क के किनारे गड्ढे हो गए हैं, आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें संबंधित अधिकारियों को उक्त प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के आदेश दे दिए गए हैं। वही आज आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एसीपी कृष्णा नगर विकास पांडेय सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं आज आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस की 18, राजस्व की 45, विकास की 2 और अन्य 12 शिकायतों सहित कुल 77 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से राजस्व की 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

# योग कर लाभ से परिचित हुए तहसील अधिकारी व कर्मचारी



योगा करते एसडीएम, तहसीलदार बीडीओ व अन्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में अधिकारियों व हर आम खास को प्रशिक्षकों ने योग की विधाओं से रूबरू कराते हुए योगासान कराए। मलिहाबाद उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि योग आसनों का अभ्यास करने से ताकत और लचीलापन विकसित होता है, साथ ही आपकी नसों को आराम मिलता है और आपका मन शांत होता है। आसन मांसपेशियों, जोड़ों और त्वचा, और पूरे शरीर - ग्रंथियों, नसों, आंतरिक अंगों, हड्डियों, श्वसन और मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। योग के भौतिक निर्माण खंड आसन और सांस हैं। विश्व योगा दिवस के मौके पर कार्यक्रम की भव्यता को लेकर सभी योगा किया। मास्टर ट्रेनर सहित तहसीलदार विकास सिंह, एसीपी मलिहाबाद, बीडीओ मलिहाबाद रविंद्र मिश्र सहित भाजपा कार्यकताओं को योगासन कराया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गंगागंज मिनी स्टेडियम में भव्य योग सेमिनार का आयोजन

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील के गंगागंज स्थित मिनी स्टेडियम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और योग को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना था। इस कार्यक्रम का सफल संयोजन पतंजलि योग समिति, गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के वरिष्ठ सलाहकार अवनीश अवस्थी, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, लखनऊ जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, जिला महामंत्री राजकुमार सहित हजारों की संख्या में आमजन, योग प्रशिक्षु, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योगपीठ के विशेषज्ञ योग गुरुओं के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को सरल व सुलभ विधियों से योगाभ्यास कराया प्रमुख वक्ताओं ने किया योग के महत्व पर प्रकाश।।

### हजारों लोगों ने योगाभ्यास कर दिया स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश.......

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग एक सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बन गया है यह न केवल शारीरिक रोगों से बचाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह स्वयं भी योग करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे, विशेषकर बेटियों को संस्कारों और शिक्षा के साथ योग का प्रशिक्षण देना अत्यंत आवश्यक है वहीं एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने




कहा गांवों की महिलाओं और बेटियों को योग से जोड़ना समाज को ऊर्जा और अनुशासन का संदेश देता है आज हजारों माताओं और बहनों ने जिस अनुशासित रूप में योगाभ्यास किया, वह वास्तव में प्रेरणादायक है यदि हर घर में प्रतिदिन योग किया जाए, तो एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।सेमिनार के आयोजक नागेश कुमार वर्मा ने योग की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पतंजलि योगपीठ के मार्गदर्शन में योग को जनमानस से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं योग के अष्टांग, हठ, हॉट, अयंगर, कुंडलिनी, रिस्टोरेटिव और विन्यास जैसे विभिन्न स्वरूपों से साधक शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं योग ईश्वर से जुड़ने और आत्मिक स्थिरता प्राप्त करने का श्रेष्ठ मार्ग है।

उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक युग की चुनौतियों, जैसे कि अवसाद, नशे की लत और तनाव, का समाधान भी योग से ही संभव है इसी कारण यह आयोजन प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाता है समाज सेविका रीना त्रिपाठी ने जानकारी दी कि वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ह्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है यह थीम समग्र मानव कल्याण और पर्यावरणीय संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करती है उन्होंने कहा आज के युवाओं को नशे और अवसाद जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाने के लिए योग को अनिवार्य रूप से उनके जीवन में शामिल करना होगा यह कार्यक्रम केवल एक योग अभ्यास नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना और संस्कार का उदाहरण था प्रमुख अतिथियों और प्रतिभागियों की उपस्थिति इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### कार्यक्रम का अनुशासन और जनभागीदारी.......

गंगागंज मिनी स्टेडियम में आयोजित इस योग महोत्सव में हजारों लोगों की उपस्थिति के बावजूद कार्यक्रम पूर्णतः अनुशासित रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे मनोयोग और एकाग्रता के साथ योग किया। यह आयोजन न केवल योग की लोकप्रियता का प्रमाण था, बल्कि सामाजिक एकजुटता और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक मजबूत कदम भी गंगागंज में आयोजित यह योग सेमिनार एक सामाजिक आंदोलन की तरह था, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि प्रयास सामूहिक हों तो योग जैसी प्राचीन भारतीय विद्या को जन-जन तक पहुंचाना संभव है यह आयोजन न सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को एक सकारात्मक जीवनशैली की ओर भी प्रेरित कर गया।

# जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनकर तत्काल विशाख अय्यर ने निस्तारण करने के आदेश दिए समाधान दिवस में 125 प्रार्थना पत्रों में 45 का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस पर मलिहाबाद के बंसी गढ़ी निवासी बलिराम ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मलिहाबाद में नलकूप कनेक्शन को लेकर कई महीनो से पावर हाउस के चक्कर काट रहा है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते अफसर

मलिहाबाद कस्बा निवासी समाजसेवी यूसुफ ने बड़ी चर्चा कार सड़क का मुद्दा समाधान दिवस पर उठाया। और ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर उतरकर मरम्मतीकरण मरम्तिकरण कराया जाए जिलाधिकारी विशाख अय्यर ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा वही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रार्थना पत्र के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। इस मौके पर एसडीएम अंकित कुमार, मलिहाबाद तहसीलदार विकास सिंह, मलिहाबाद खंड विकास रविंद्र मिश्र, सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान नंदकिशोर पाल (32) साल निवासी कुशमरी के रूप में हुई है। रविवार अपने घर से आईएम के लिए मिठाई की दुकान पर नौकरी करने के लिए घर से बता कर निकाला था। मिली जानकारी के अनुसार, घर पर पत्नी से कुछ कहा सुनी हुई थी और पारिवारिक कलह से परेशान चल रहे थे। शनिवार को को आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। मिली जानकारी के अनुसार वहीं के लोगों ने बताया कि फोन पर कुछ देर बात करने के बाद लगाई फांसी स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे



मृतक नंदकिशोर फाइल फोटो

में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जलसा लॉन में 11वां योग दिवस भव्यता के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । विश्व योग दिवस के अवसर पर मंडल सरोजनी नगर दक्षिण प्रथम के हिन्द नगर वार्ड में पूर्व संगठन मंत्री एवं प्रदेश विभाग प्रमुख ओम प्रकाश श्रीवास्तव के सानिध्य में योग गुरु निधि मेहरोत्रा , मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वृहद योग शिविर का आयोजन मंडल महामंत्री रजनीश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष मनु श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, वार्ड अध्यक्ष नागेश्वर अवस्थी, पार्षद सौरभ सिंह मोनू द्वारा किया गया।

इस योग शिविर में योग के विभिन्न आयामों को किया गया। योग शिविर हिन्द नगर, कानपुर रोड स्थित जलसा लॉन में आयोजित किया गया। शिविर में लखनऊ महानगर के मीडिया प्रभारी चन्द्र भूषण पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा, गिरिजा



शंकर त्रिपाठी, मनोनीत पार्षद सरबजीत सिंह बिल्लू भैया,अरुण रावत, अमित शुक्ला, दीपू शर्मा, मनीष शुक्ला,महेश श्रीवास्तव, ए के राय,राहुल मिश्रा, अनिल तिवारी, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना गुप्ता, पूजा सिंह, कुसुम सिंह, शशि सिंह, एकता सिंह, ललिता शर्मा, अनीता शर्मा, विनीता सिंह,मंजू लता शुक्ला,संजना अंदाणी,रितु अग्रवाल, राम चंदर चौधरी, किशोरी सिंह, हनुमान यादव,कुलदीप कुमार, चंद्र भान सिंह,के पी सिंह,शिव नायक द्विवेदी, विनोद सिंह, निशांत शुक्ला, भास्कर घोष, सत्येन्द्र सिंह,टी पी सिंह, अनूप निगम, आनंद अवस्थी, विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ला, डॉ ए पी सिंह,पी के निगम, प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# संक्षेप

## गर्भवती महिलाओं का मुफ्त में किया जाएगा अल्ट्रासाउंड

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज शहर में स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं के लिए नई सुविधा शुरू की है। अब अर्बन हेल्थ सेंटरों पर निशुल्क अल्ट्रासाउंड सेवा उपलब्ध होगी।इस सेवा के लिए ब्रह्मनगर और चंपा-पुरवा अर्बन हेल्थ सेंटर को चुना गया है। यह सुविधा हर महीने की 2, 9, 16 और 24 तारीख को मिलेगी। महिलाओं को पहले अपने नजदीकी अर्बन हेल्थ सेंटर पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद उनके मोबाइल पर बारकोड युक्त मैसेज आएगा। इस बारकोड को दिखाकर आकाश गंगा अस्पताल या सुषमा हॉस्पिटल में मुफ्त अल्ट्रासाउंड कराया जा सकेगा। पहले महिलाओं को या तो निजी केंद्रों पर 500-600 रुपए खर्च करने पड़ते थे या जिला अस्पताल जाना पड़ता था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन के अनुसार यह योजना मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाएगी। इससे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। भविष्य में इस योजना को अन्य शहरी स्वास्थ्य केंद्रों तक विस्तार देने की योजना है।यह सुविधा विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए लाभदायक होगी। स्थानीय मेडिकल स्टाफ की सक्रियता से यह सुविधा शुरू हो सकी है। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य बैठकों में इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था।

## आम की बागवानी को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मिजार्पुर कलां में आम के बाग की बागवानी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मिजार्पुर कलां और बल्देव खेड़ा गांव के बीच आम के बाग के अधिकार को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। एक पक्ष के लोग शराब के नशे में आकर विवाद करने लगे। दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। फिर हाथापाई हो गई। इसके बाद लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। इस झगड़े में छह से अधिक लोग घायल हुए हैं। दो महिलाओं की स्थिति गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में चोटें आई हैं। कुछ के हाथ-पैर में गंभीर चोटें हैं। बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों को भी नहीं छोड़ा गया। यह घटना मिजार्पुर कलां शराब ठेके के पास घंटों तक चलती रही। सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद रहे। लेकिन किसी ने पुलिस को सूचना नहीं दी। बाद में माखी थाने की पुलिस पहुंची और स्थिति को काबू में किया।पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस वीडियो की जांच कर हमलावरों की पहचान कर रही है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एसओ माखी ने बताया कि दोनों पक्षों से शिकायत लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर से लेकर गांवों तक अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम हुए आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को जिला स्तर से लेकर गांव तक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एक साथ योगासन किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और आम नागरिक शामिल हुए। मुख्य कार्यक्रम में इन्वेस्ट यूपी के सीईओ और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विजय किरण आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग मानसिक शांति, आत्म-नियंत्रण और स्वस्थ जीवन शैली की कुंजी है। उन्नाव के सांसद डॉ. साक्षी महाराज ने भी योग सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस कर्मियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। उन्होंने पुलिस बल को तनावमुक्त रहने के लिए योग को नियमित जीवन में अपनाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में सुबह 6 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे थे।योग दिवस को लेकर केवल शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खासा उत्साह देखा गया। ब्लॉक स्तर पर पंचायत भवनों, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों और बुजुर्गों से लेकर महिलाओं तक ने बड़ी तादाद में भागीदारी की। उन्नाव की बांगरमऊ, सफीपुर, हसनगंज, अजगैन और बिहार ब्लॉक में भी सैकड़ों छोटे-बड़े आयोजन हुए। कई स्थानों पर लोगों ने स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर खुले मैदानों, मंदिरों और आश्रमों में सामूहिक योग सत्र किए। योग दिवस की थीम और संदेश इस वर्ष योग दिवस की थीम ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य₹ रखी गई थी, जो इस बात का संदेश देती है कि संपूर्ण विश्व का स्वास्थ्य योग के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकता है। इस थीम के अंतर्गत, पर्यावरण संतुलन, मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधक क्षमता और जीवनशैली में संतुलन लाने के उपायों को प्रमुखता दी गई।शहर के कॉलेजों, स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में भी विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। बच्चों ने शिक्षक की अगुवाई में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विविध योग मुद्राएं सीखी और दोहराईं। विद्यालयों में योग के लाभ बताने वाली प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें छात्रों ने पोस्टर और मॉडल के माध्यम से योग की उपयोगिता समझाई। सीईओ विजय किरण आनंद ने दिए सुझाव समापन समारोह में आईएएस विजय किरण आनंद ने स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से योग को नियमित अभ्यास बनाने की योजना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ₹योग को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए स्कूलों, कार्यालयों, ग्राम सभाओं में योग कक्षाएं नियमित होनी चाहिए। विशेषकर युवाओं को इस ओर आकर्षित किया जाए।₹ पुलिस लाइन में अनुशासित योग पुलिस लाइन में आयोजित योग सत्र में पुलिस विभाग के जवानों की उपस्थिति ने एक अनुशासित और संगठित छवि प्रस्तुत की। सभी अधिकारियों और जवानों ने निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत योगासन किए। कार्यक्रम के अंत में 'योग प्रतिज्ञा' दिलाई गई जिसमें सभी ने योगको जीवनशैली में अपनाने का संकल्प लिया।

# प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम मथुरा-वृंदावन की सख्त कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार/ अमन मिश्रा



मथुरा/प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध प्रभावी अभियान निरंतर जारी है। शासन स्तर से भी निर्देशित किया गया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग की पूर्णतः रोकथाम सुनिश्चित की जाए, साथ ही आम नागरिकों को इसके प्रयोग से रोकने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।इसी क्रम में आज सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, जोनल प्रभारी (औरंगाबाद) की टीम द्वारा यमुनापार लक्ष्मीनगर चौराहा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक (जैसे गिलास, चम्मच आदि) का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही करते हुए ?8,000 का जुमार्ना वसूला गया तथा 9 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई।

प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा।नगर निगम मथुरा-वृंदावन सभी प्रतिष्ठान संचालकों व नागरिकों से अपील करता है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग बंद करें। इसके स्थान पर कपड़े के थैले अथवा बायोडिग्रेडेबल विकल्पों का उपयोग करें, जिससे नगर को प्लास्टिक कचरे से मुक्त किया जा सके।इस कार्यवाही के दौरान सफाई निरीक्षक श्री सौरभ अग्रवाल, नगर निगम की एळ्रऋ टीम, प्रवर्तन दल एवं श्री दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत के शांति नगर वार्ड में घर के बरामदे में 35 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला ।परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया । बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ी खेड़ा के मजरे कुर्मिनहार निवासी नीरज पुत्र गोकुल प्रसाद उम्र 35 वर्ष बीघापुर के शांति नगर मोहल्ले में मकान बना कर कभी कभी रात में रुकता था । वह कस्बे में इलेट्रिशन की दुकान में मोटर की बाइंडिंग का कार्य करता था । शुक्रवार की शाम को उसने परिजनों को फोन कर कस्बे के मकान में रुकने की बात बताई थी । सुबह 4 बजे परिजनों ने उसको फोन किया तो बात नहीं हो पाई । जिस पर उसके परिजनों ने पड़ोसी को फोन कर बेटे के हाल चाल लेने की बात कही । काफी देर तक नीरज द्वारा गेट न खोलने पर पड़ोसी ने जानकारी दी । सुबह जब नीरज के परिजन बीघापुर के घर मे पहुंचे तो मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो नीरज बरामदे में मृत पड़ा था ।परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसको गांव ले गए और बक्सर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया ।मृतक की पत्नी रोशनी व बेटी श्रृंगारिका लगभग एक पखवाड़े से अपनी रिश्तेदारी में गई हुई थी ।मृतक का भाई पंकज बीघापुर कस्बे में मोबाइल की दुकान में कार्य करता है । थाना अध्यक्ष राजपाल ने घटना की जानकारी न होने की बात बताई ।

# एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में शनिवार को समाधान दिवस उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल 103 प्रार्थना पत्र आये जिसमे से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक 65 प्रार्थना पत्र राजस्व से सम्बन्धित थे जिनमें 05 प्रार्थना पत्रों को निस्तारित किया गया । अन्य प्रार्थना पत्रों के कानूनगो व लेखपाल टीम लगा जांच कर आख्या देने को कहा गया। विकास सम्बन्धित 04 प्रार्थना पत्र जबकि पुलिस संबंधित 24 प्रार्थना पत्र आये। समाज कल्याण विभाग हेतु आये दोनो ही प्रार्थना पत्रों को निस्तारित कर दिया गया। अन्य मामलों से सम्बंधित 08 प्रार्थना पत्र आये। उपजिलाधिकारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों को समय से व गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्रार्थना पत्रों को निस्तारण करने के आदेश दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी ,कानूनगो अजय सिंह,विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्रीय लेखपालो के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

# झमाझम हुई बारिश से कई घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने शहर की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया। नगर में साढ़े पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने बार-बार हेल्पलाइन पर संपर्क किया। बिजली विभाग की टीम ने फॉल्ट की जांच की। सरैयां गांव में3 एचटी लाइन पर एक मृत कौआ मिला, जो शॉर्ट सर्किट का कारण बना। मिश्रा कॉलोनी चौराहे पर इंसुलेटर फट गया। विष्णुपुरी में पेड़ की डाल हाईटेंशन लाइन पर गिर गई। पोनी रोड क्षेत्र में तकनीकी फॉल्ट मिला। टीम ने रातभर मरम्मत कार्य किया और रात 1:30 बजे आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल हुई।पश्चिमी क्षेत्र के तेजी पुरवा में 250 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया। एक फेज बंद होने से 100 से अधिक घरों की बिजली गई। अन्य घरों में लो वोल्टेज की समस्या आई। स्थानीय लोगों की शिकायत के बावजूद देर रात तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। चंपापुरवा, गगनी खेड़ा और सरैयां क्षेत्रों में बारिश की तीव्रता से लाइन ब्रेक हो गई। रात 10 बजे से इन इलाकों में 18 घंटे तक बिजली नहीं आई। उपभोक्ताओं का आरोप है कि लाइन स्टाफ ने फोन उठाना बंद कर दिया। गर्मी और उमस से परेशान लोग रातभर जागते रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुरालियों का कहना है कि रोशनी ने फांसी लगाकर जान दी।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के चकमीरापुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। मृतका की पहचान रोशनी (30) पत्नी विपिन के रूप में हुई है। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुरालियों का कहना है कि रोशनी ने फांसी लगाकर जान दी।घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष और पुलिस मौके पर पहुंचे। वहां देखा गया कि मृतका का शव जमीन पर रखा हुआ था, जिससे मायके वालों को ससुरालियों की बातों पर संदेह हुआ।

थाना कासिमपुर बेहदर के पथरौली गांव निवासी मैकूलाल की पुत्री रोशनी की शादी 14 साल पहले चकमीरापुर निवासी विपिन पुत्र दर्शन के साथ हुई थी। शुक्रवार को ससुरालियों ने मायके वालों को सूचना दी, कि रोशनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था.आज शनिवार शाम पांच बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया.जिसके बाद कोतवाली गेट पर परिजन हंगामा करने लगे.मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और मृतका के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।वही पति विपिन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. और पूछताछ की जा रही है। परिजनों का आरोप है कि मृतका रोशनी का पति विपिन ट्रक चलाता था। उनकी तीन पुत्रियां और एक पुत्र है .पलक 13 वर्ष,पायल 11 वर्ष प्रीत 9वर्ष,एक सात साल का बेटा प्रिंस है। चर्चा है, कि पिछले कुछ दिनों से विपिन ज्यादा नशा कर रहा था, जिसे लेकर रोशनी का विपिन से झगड़ा होता था।जिसके मारपीट करता था. वही क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से तहरीर मिली है.जिस पर एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।पति पुलिस हिरासत में है जिससे पूछताछ की जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। तहसील मुख्यालय बीघापुर में उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह की अगुवाई में तहसील कर्मियों ने योग कर स्वस्थ मन व तन बेहतर करने की प्रेरणा ली। तहसील में तहसीलदार मनीष द्विवेदी के साथ कानूनगो व लेखपाल की टीम शामिल रही। थाना बिहार में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह के साथ सभी पुलिसकर्मियों ने योग किया। ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर में खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेयी के साथ ब्लॉक कर्मचारियों ने योग किया। भाजपा मंडल सुमेरपुर की तरफ से योग कार्यक्रम माँ फूलमती मंदिर भगवंतनगर में आयोजित हुआ जिसमें मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा व जिला पंचायत सदस्य सुधीर शर्मा के साथ कार्यकर्ताओ ने योग किया। नगर पंचायत भगवंतनगर कार्यालय में चैयरमैन आशीष शुक्ला के साथ नगर पंचायत कर्मियों ने योग किया। स्कूल कॉलेजो में छुट्टी होने के बावजूद शिक्षक व छात्र विद्यालय पहुँचे जहा उन्हें योगाभ्यास की प्रेरणा दी गयी। बाबू जयशंकर महाविद्यालय ,सुमेरपुर, पाटन,बिहार ,भगवंतनगर के कॉलेजो में योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# दो वारंटी युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस ने दो वांरटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बिहार के गाँव रसूलपुर निवासी बिन्दा प्रसाद पुत्र रामपियारे लोधी व रज्जन कुमार पुत्र बिन्दा प्रसाद लोधी पर कुछ वर्ष पूर्व मारपीट करने व शांति भंग का मुकदमा दर्ज हुआ था । मा०न्याया० में हो रही पेशी में न जाने के कारण कोर्ट ने वारंट जारी किया था ।वारंट के आधार पर थाना बिहार के उ0नि0 नरेन्द्र सिंह व हे0का0 रोहित सिंह ने शनिवार को दोनो ही वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटियों को मा०न्याया०के समक्ष भेज दिया गया है।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। विश्व योग दिवस के अवसर पर कस्बा मोहान जलेश्वर नाथ बाबा मंदिर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम रावत,कपिल निगम, सभासद धरमवीर कश्यप, न्योतनी नगर पंचायत में चेयर मैन ओम प्रकाश कनौजिया, विधायक ब्रजेश रावत, लिपिक कुलदीप सिंह, मोहान नगर पंचायत में चेयर मैन समर जीत यादव ने योगाभ्यास किया।वही प्राथमिक विद्यालय मोहद्दीनपुर मे प्रीती वर्मा, आर के आर मांटेसरी हाई स्कूल विद्यालय के प्रबंधक विनोद मौर्य, ने छात्रों को योगाभ्यास कराया।

# मौलाना के बयान पर बोले केंद्रीय मंत्री योग धर्म से नहीं स्वास्थ्य जीवन से जुड़ा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज एक बार फिर योग को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी द्वारा मुसलमानों पर योग ना थोपे जाने संबंधी बयान पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने करारा जवाब दिया। उन्नाव में सांसद साक्षी महाराज के आवास पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि योग किसी धर्म से जुड़ा हुआ नहीं हैए बल्कि यह एक जीवनशैली है जो हर इंसान को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहाए ष्योग करो और निरोग रहो। मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी जैसे बयान केवल खुद को हाईलाइट करने के लिए दिए जाते हैं। उनकी इन बातों को कोई भी समझदार मुस्लिम भी मानने को तैयार नहीं हैए क्योंकि सभी को अपने स्वास्थ्य की चिंता है।ष्उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर हैए जो दुनिया भर में आज सम्मान पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जा रहा है। बीएल वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहाए ष्अगर योग के फायदे देखने हों तो मोदी जी को देखिए। उनकी उम्र 75 साल हैए लेकिन आज भी वह प्रतिदिन 18.18 घंटे काम करते हैं। पूरी दुनिया में योग का सम्मान ये उनकी दिनचर्या और योग का ही प्रभाव है।ष्उन्होंने कहा कि मोदी जी ने न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में योग को सम्मान दिलाया है। केंद्रीय मंत्री ने मौलाना के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह के बयानों से समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास किया जाता हैए जो निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योग किसी पर थोपा नहीं जा रहा हैए बल्कि यह एक स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग है।

# दो वारंटी युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस ने दो वांरटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बिहार के गाँव रसूलपुर निवासी बिन्दा प्रसाद पुत्र रामपियारे लोधी व रज्जन कुमार पुत्र बिन्दा प्रसाद लोधी पर कुछ वर्ष पूर्व मारपीट करने व शांति भंग का मुकदमा दर्ज हुआ था । मा०न्याया० में हो रही पेशी में न जाने के कारण कोर्ट ने वारंट जारी किया था ।वारंट के आधार पर थाना बिहार के उ0नि0 नरेन्द्र सिंह व हे0का0 रोहित सिंह ने शनिवार को दोनो ही वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटियों को मा०न्याया०के समक्ष भेज दिया गया है।

# विद्युत करंट की चपेट से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के बंदा खेडा बरबटपुर गांव में शुक्रवार रात एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। रात करीब 10 बजे 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एक मकान की रेलिंग पर गिर गया। दीपिका सिंह नाम की महिला रेलिंग पर सूख रहे कपड़े उठाने गई थी। वह करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी। माखी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव जिला अस्पताल की मोर्चरी भेजा गया। परिजनों ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि रेलिंग में करंट दौड़ रहा है।शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। गांव वालों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली लाइन की खराब स्थिति की शिकायत की थी। लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों के अनुसारए समय पर हाईटेंशन तार की मरम्मत होती तो यह हादसा टल सकता था। माखी थाना पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जेवर व नगदी लेकर युवती अपने प्रेमी के साथ हुई फरार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी युवती घर में रखें गहने व रुपए लेकर गांव के ही युवक के साथ फरार हो जाने पर युवती की मां ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरे ही गांव का युवक रंजीत पुत्र कल्लू बहला फुसलाकर व गुमराह कर मेरी पुत्री को कहीं भाग ले गया घर से जाते समय मेरी पुत्री घर में रखें नगद रुपया 32000 व एक जोड़ी सोने की झुमकी चांदी की हाफ पेटी लेकर चली गई है खोजबीन करने पर कहीं पता नहीं चल सका है तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

# बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कार्यकर्तियो के कसे पेंच

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। काम समय से पूरा नही हुआ तो रोका जाएगा मानदेय बाल विकास पोषाहार कार्यलय पर आज बालविकास परियोजना अधिकारी रानी वर्मा ने परियोजना कार्यालय पर आंगनवाड़ी कार्यकार्तियो के साथ बैठक की ,बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि शाशन की मंशा अनुरूप केंद्रों पर आप सभी लोग लाभार्थियों की के वाई सी एवम फेस कैप्चरिंग का कार्य करवाइए इसमें जरा सी भी हीलाहवाली हुई तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने कहा कि छेत्र के नोगवा ,अजयपुर , जोरावरगंज , मदारपुर , मालाखेड़ा ,मोहनखेड़ा ,देवरा सहित कई केंद्रों से शिकायते मिली है । उन्होंने कहा कि आगे किसी भी सेंटर से शिकायत नही मिलनी चाहिए नही कार्यवाही के लिये आप लोग तैयार रहे ।

# किशोरी हुई लापता पिता ने पुलिस को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वार्षिक किशोरी घर से दुकान सामान खरीदने की बात बता कर प्रेमी संग रफूचक्कर हो गई ।किशोरी के पिता ने पुरवा कोतवाली के एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है ।

किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बुधवार की शाम 8ः 30 बजे पड़ोस की किराने की दुकान में खरीदारी के लिए गई थी । काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने जब खोजबीन की तो पता चला कि पुरवा कोतवाली के गांव बैगाव निवासी युवक से उसकी बातचीत होती रहती थी ।किशोरी के पिता युवक पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है । थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच करा कर विधिक कार्रवाई की जाएगी ।

## सम्पादकीय

# जी-7 से भारत ने साधे यूएस, कनाडा व पाक

कनाडा में आयोजित दो दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित देश के रूप में भाग लेने वाले भारत ने अपने तीन कूटनीतिक लक्ष्य साधे हैं। कनाडा की धरती से जी-7 मंच का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समूह के सभी सदस्य देशों और अन्य देशों को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बड़ी चुनौती है। भारत का पड़ोसी पाकिस्तान आतंकवाद का प्रजनन स्थल है और आतंकवाद को लेकर जी-7 देशों के नेताओं का आंखें न मूंदे रहना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। पीएम मोदी को जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करने अवसर मिला, जिसमें उन्होंने विश्व का ध्यान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर खींचा। इस वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला प्रत्येक भारतीय की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला था। आज जरूरी है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में 'दोहरे मानदंडों' के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, क्योंकि आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है। अपनी कनाडा यात्रा के दौरान ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर करीब 35 मिनट बात की, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति को साफ किया। कश्मीर या पाकिस्तान के मसले पर भारत किसी भी सूरत में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है, न पहले की और न भविष्य में करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मुद्दा द्विपक्षीय मामला है। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का फैसला भारत व पाक के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता में सहमति बनने के बाद किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार झूठ बोल कर इस सहमति में अपना हाथ बताकर श्रेय लेने की कोशिश करते रहे, जिससे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को आघात पहुंचा। पीएम मोदी की ट्रंप से वार्ता ऐसे समय में हुई, जब पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका में हैं और उनका ट्रंप के साथ लंच है। जानकारों को पच नहीं रहा है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़ कर जनरल मुनीर के आवभगत में क्यों लीन है? इसमें एक ही कारण नजर आ रहा है कि अमेरिका अगर ईरान पर सैन्य एक्शन लेगा तो उसे पाकिस्तानी एयर बेस की जरूरत पड़ेगी, इसलिए ट्रंप जनरल मुनीर को भाव दे रहे हैं। ट्रंप व मुनीर के बीच वार्ता में कश्मीर पर बात होने का भी अनुमान है, इसलिए पहले ही पीएम ने मध्यस्थता पर भारत का रुख साफ कर दिया व पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर चिंता व्यक्त की। कनाडा में पीएम मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच वार्ता हुई, जिससे दोनों देशों के संबंध सुधार की पहल के तौर देखा जाना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वहां के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में इस हत्या में भारत के साथ का आरोप मढ़ने के बाद से भारत व कनाडा के संबंध खराब होते गए थे। पीएम मोदी व पीएम कार्नी ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ रिश्तों में आई खटास को मिटाने के लक्ष्य के साथ विवादित मुद्दों से किनारा किया। इससे भारत व कनाडा के संबंध सुधरने की नींव पड़ गई है। पीएम की इस यात्रा की सार्थकता को कनाडा से संबंध सुधार, अमेरिका को मध्यस्थता पर खरी-खरी और सबके लिए आतंकवाद के खतरे के प्रति विश्व को चेतावनी देने के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।



**मोदी-कार्नी मिलन**

प्रो. आर.के. जैन

> जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। वर्तमान क्षण यह साबित करते हैं कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। दोनों देश एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

# कनानास्किस में पिघली तकरार की बर्फ

बर्फीली चोटियों और वैश्विक कूटनीति की गर्माहट से सजा कनाडा का कनानास्किस, उस ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब भारत और कनाडा ने अपने तनावग्रस्त रिश्तों को नई उड़ान देने का संकल्प लिया। यह मुलाकात, जो जी-7 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में हुई, न केवल दो देशों के बीच विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक साहसी कूटनीतिक जीत भी है।

बीते सालों में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच उपजा गहरा अविश्वास, राजनयिक निष्कासन और तीखे बयानों की आंधी में फंस गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। 2023 में निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, जिन्हें भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। इसने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संकट को जन्म दिया। राजनयिकों का निष्कासन, उच्चायुक्तों की वापसी और संवाद का लगभग ठप होना।

भारत ने निज्जर को आतंकवादी माना, जबकि कनाडा में कुछ समूह उन्हें सिख समुदाय का नायक मानते थे। इस वैचारिक खाई ने दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया था, लेकिन मार्क कार्नी, जिन्होंने मई 2025 में कनाडा की कमान संभाली, ने एक नया दृष्टिकोण अपनाया। उनकी आर्थिक दूरदर्शिता और वैश्विक सोच ने भारत को जी-7 में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखा। कार्नी ने न केवल भारत को इस मंच पर आमंत्रित किया, बल्कि बैठक से पहले कहा - प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात है। भारत की वैश्विक भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बयान न केवल भारत के भू-राजनीतिक कद को रेखांकित करता है, बल्कि कनाडा की नई सरकार की सकारात्मक सोच को भी दर्शाता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस मुलाकात को "कूटनीति का एक स्वर्णिम अध्याय" घोषित किया, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता है। नेताओं ने न केवल उच्चायुक्तों की बहाली पर एकमत होकर इतिहास रचा, बल्कि व्यापार, जन-जन के बीच जुड़ाव और अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी शुरुआत का संकल्प लिया। यह मुलाकात इसलिए और भी खास है, क्योंकि कनाडा में 18 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग सांस्कृतिक और आर्थिक सेतु के रूप में दोनों देशों को जोड़ते हैं। 2023 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार 9.36 बिलियन डॉलर के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुंचा, जिसमें भारत का निर्यात 5.56 बिलियन और कनाडा का 3.80 बिलियन डॉलर रहा।

इस साझेदारी को नई गति देने के लिए, दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में



सहयोग के नए द्वार खोले। एक प्रमुख नेता ने जोश के साथ कहा, "हम भारत के साथ ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद और एआई जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर दुनिया के लिए एक मिसाल कायम करने को तैयार हैं।" यह बयान दोनों देशों के साझा सपनों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने की अटूट इच्छाशक्ति को दर्शाता है। इस मुलाकात की सबसे बड़ी उपलब्धि है आपसी विश्वास की पुनर्स्थापना। कार्नी ने निज्जर मामले पर तीखी बयानबाजी से परहेज करते हुए कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा जताया, जिससे यह संदेश गया कि उनकी सरकार संवेदनशील मुद्दों को कूटनीति के जरिए हल करने को प्राथमिकता देगी।

भारत ने भी इस दृष्टिकोण का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी को उनकी चुनावी जीत की बधाई देते हुए कहा - भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक संभावना के दो ध्रुव हैं। हमें मिलकर विश्व में लोकतंत्र और मानवता को मजबूत करना है। यह बयान न केवल दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते की पुनः पुष्टि करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को भी रेखांकित करता है। हालांकि, यह राह आसान नहीं है। कनाडा में खालिस्तानी समूहों की गतिविधियां और उनकी भारत-विरोधी बयानबाजी अभी भी एक चुनौती है। हाल ही में कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने 'प्रोजेक्ट पेलिकन' के तहत एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें खालिस्तानी समर्थकों की संलिप्तता की आशंका जताई गई।

यह कार्रवाई, जो मोदी की यात्रा से ठीक पहले हुई, कनाडा की नई सरकार की सख्ती को दर्शाती है। फिर भी, कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के दौरे का विरोध किया, जो इस बात का संकेत है कि कूटनीतिक सुधार के रास्ते में कुछ बाधाएं अभी बाकी हैं। लेकिन कार्नी का यह बयान कि "कनाडा-भारत संबंध आपसी सम्मान और कानून के शासन पर आधारित होंगे," इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक मजबूत संकल्प को दर्शाता है। यह मुलाकात केवल राजनयिक नियुक्तियों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी साझेदारी का प्रारंभ है, जो वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी।

कनाडा की कंपनियों का भारत में निवेश और भारतीय डायस्पोरा का कनाडा में योगदान इस रिश्ते की रीढ़ हैं। दोनों देशों के बीच स्वच्छ प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग न केवल उनके नागरिकों के लिए अवसर पैदा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनकी संयुक्त ताकत को भी प्रदर्शित करेगा। भारत, जो पहले से ही डिजिटल क्रांति और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है, और कनाडा, जो अपने नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है, मिलकर 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कनानास्किस की यह मुलाकात विश्व को एक शक्तिशाली संदेश देती है, कूटनीति की ताकत से कोई भी खाई पाटी जा सकती है।

यह न केवल भारत और कनाडा के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि विश्व मंच पर सहयोग और संवाद की जीत है। जैसे ही दोनों देश अपने उच्चायुक्तों को एक-दूसरे की राजधानियों में भेजने की तैयारी कर रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की नई नींव है। यह क्षण, जब दो लोकतांत्रिक राष्ट्र एक-दूसरे की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं, यह साबित करता है कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। भारत और कनाडा, अब एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

**11 वर्ष**


विकास खितौलिया



# चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी

चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द और विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तिरंगा फहरा रहे थे तब ऐसे संदेशों से देश की करोड़ों जनता को गर्व का एहसास होता है। भले ही उनके विरोधी इसे सिनेमाई संवाद, फोटोग्राफी अंदाज़ कहें, पर कुछ भी कहिए प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष वर्तमान में कोई भी अन्य नेता दिखाई नहीं देता। वे देश और दुनिया के दिलों में समा गए हैं। पहलगांव आतंकी हमले के बाद हुई सफल सैन्य कार्रवाई के नामकरण 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की जनता के खासकर महिलाओं के मन को छुआ। यह पहला मौका था, जब हमारे पास घोषित 'सुरक्षा नीति' के साथ अंदरूनी मोर्चे पर माओवाद दम तोड़ रहा है। वहीं विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु का उद्घाटन करके और स्वदेशी तकनीक का लोहा बनवाकर देश को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया है। हमारे देश में लगभग सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, चुनाव के समय लोक-लुभावने वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उनको पूरा करना भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा 'सबका साथ, सबका विकास', फिर इसमें जोड़ा 'सबका विश्वास' और अब इसमें 'सबका प्रयास' जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार की बागडोर थामे 11 वर्ष हो गए। उन्होंने अपना तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया है। उनके ये साल कामकाज के लिहाज से ऐतिहासिक रहे हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर कानून और राम मंदिर निर्माण जैसे संवेदनशील व ऐतिहासिक निर्णयों ने उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाया। वह आज तक कोई चुनाव नहीं हारे, इससे बड़ी स्वीकारोक्ति और क्या हो सकती है? यहां यह मानने की भूल मत कर बैठिएगा कि मोदी सिर्फ आत्म-प्रदर्शन के भरोसे कायम हैं। बतौर प्रधानमंत्री उनके कई काम अनूठे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और उनको सफलतापूर्वक लागू भी किया। हर जरूरतमंद को अन्न देने की व्यवस्था करनी हो या सस्ते मकान उपलब्ध कराना, यहां तक कि सस्ती चिकित्सा सुविधा और कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं मुहैया कराने का काम भी इस सरकार ने किया है। इस अवधि में देश ने आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में जीएसटी, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे ऐतिहासिक कदमों के माध्यम से न केवल निवेश आकर्षित किया, बल्कि देश की उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं को भी मजबूत किया। वन रैंक वन पेंशन स्कीम लागू कर सेना के पूर्व सैनिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। वहीं सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे उज्ज्वला, विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना और सैनिक साजो-सामान के स्वदेशीकरण, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत और पीएम किसान सम्मान निधि ने गरीबों और वंचितों के जीवन को सीधे-सीधे प्रभावित किया। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व तेजी से सड़कों, रेलवे, और हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ। वहीं रिकॉर्ड स्तर पर राजमार्ग निर्माण, रेलवे आधुनिकीकरण, स्मार्ट सिटी मिशन और बुलेटिन परियोजनाओं की शुरुआत की। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने चीन से जुड़े संवेदनशील स्थानों तक सड़क और ट्रेन परिवहन का जाल बिछाने में गजब की तेजी दिखाई। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन का खासा महत्व है, लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि 2014 के बाद ही भारतीय जनता पार्टी को संसार के सबसे बड़े सियासी दल होने का गौरव हासिल हुआ। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी है और हम तेजी से विकासशील राष्ट्रों की कतार से निकलकर विकसित की जमात का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसमें नरेंद्र मोदी के योगदान से कैसे इनकार किया जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित

**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए




संकलित

**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मान व छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से कई उड़ानें हुई रद्द

इंडोनेशिया का माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी बुधवार को फिर से धधक उठा और उसमें से राख व धुएं का गुबार फूटा, जिसके कारण आसपास के गांवों को खाली कराना पड़ा और पर्यटक द्वीप बाली आने वाली तथा वहां से जाने वाली उड़ानों समेत अन्य उड़ान सेवा को रद्द कर दिया गया। ज्वालामुखी में मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक कई विस्फोटों के कारण राख आसमान में 5,000 मीटर तक फैल गयी। मंगलवार दोपहर को ज्वालामुखी फटने के बाद ज्वालामुखी से 10,000 मीटर ऊंचाई तक घने भूरे बादल देखे गये। राख का गुबार इतना विशाल था कि उसे 150 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था।



## ऑफ बीट

# यूरेनियम संवर्धन क्या है कैसे होता है इस्तेमाल

यूरेनियम संवर्धन वास्तव में क्या है और यह चिंता का विषय क्यों है? यूरेनियम को 'संवर्धित' करने का क्या मतलब है, यह समझने के लिए आपको यूरेनियम आइसोटोप और अणु विखंडन प्रतिक्रिया में उसको विभाजित करने के बारे में थोड़ा जानना होगा। आइसोटोप क्या है? सभी पदार्थ अणुओं से बने होते हैं, और ये अणु प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन से बने होते हैं। प्रोटॉन की संख्या ही परमाणुओं को उनके रासायनिक गुण प्रदान करती है, जो विभिन्न रासायनिक तत्वों को अलग करती है। अणुओ में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन की संख्या बराबर होती है। उदाहरण के लिए, यूरेनियम में 92 प्रोटॉन होते हैं, जबकि कार्बन में छह होते हैं।



## ट्रेंड

### वार्षिक पास शुरू

15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान सहज बनेगा।

-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### मध्यस्थता नहीं चाहिए

पहले दिन से हमने इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि भारत को मध्यस्थता के लिए तीसरे देश की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान ने सामने से विनती की, तब हमने सीजफायर को स्वीकार किया।


-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र



### अभ्यर्थियों के लिए मुश्किल

आरपीएससी द्वारा फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 23 से 4 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। इसी बीच यूजीसी ने नेट परीक्षा की तारीख 25 से 30 जून के बीच घोषित की है। राजस्थान सरकार को इस परिस्थिति को देखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान



### भाजपा से उम्मीद नहीं

ये भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी हार है कि सैकड़ों लोगों की मृत्यु पर कोई उन भाजपाइयों से इस्तीफा भी नहीं मांगता है, जो सीधे-सीधे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसका साफ़ मतलब है कि जनता को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं बची है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा



## संक्षेप

### धूम धाम से मनाया गया जहूर शाह का उर्स

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत सखौता में हजरत जहूर शाह र० अलैह के आस्ताने पर कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमे कव्वाल रिजवान चिश्ती व उजमा नाज द्वारा जवाबी कव्वाली का आयोजन किया गया।जिसमे पूरी रात दर्शको ने खूब आनंद लिया। इस मौके पर कार्यकर्म के आयोजक आयोजक डॉ महशर खान ने आये हुए मुख्य अतिथि डॉ तरीक लखनऊ, विशिष्ट अतिथि इ० जफर भाई, फिरोज हसन साजू, जलालुद्दीन प्रधान, हसनैन कमाल प्रधान, शाने आलम प्रधान, समाल अहमद , आफजल प्रधान, को माल्या अर्पण व साफा पहनाकर मेहमानों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर उर्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ महशर खान, रफीक अंसारी, जमाल अहमद, सकीम उर्फ बाबू, कायम अली, कमरुज्जमा, मुहीस खान, बरकत, ग्राम प्रधान नियाज अहमद, इमरान मिस्त्री व कई सम्मानित जनता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### धनपतगंज में जनसेवा की अनूठी पहल

**महावीरन मोड़ पर लगा वॉटर कूलर, कई लोग रहे मौजूद**

सुलतानपुर, धनपतगंज में स्वर्गीय राधिका मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने एक सराहनीय पहल की है। महावीरन मंदिर मोड़ पर वॉटर कूलर की स्थापना की गई है। इस प्याऊ का उद्घाटन सुलतानपुर जिला अस्पताल के प्रमुख सीएमएस डॉ. आर.के. मिश्रा ने किया। यह प्याऊ स्वर्गीय राधिका मिश्रा की स्मृति में उनके पति शत्रुघ्न मिश्रा और परिवार ने लगवाया है। परिवार में उनकी पुत्रियां संगीता पाण्डेय और वन्दना तिवारी, पुत्रवधु अंजली मिश्रा तथा पुत्रवष्णु डॉ. प्रज्ञा प्रकाश मिश्र शामिल हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। गर्मी के मौसम में यह प्याऊ राहगीरों के लिए वरदान साबित होगी। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इनमें जमुना प्रसाद पांडे, राम इकबाल द्विवेदी, अर्जुन पांडे, रूपेश कुमार सिंह, अवधेश कुशाग्र मिश्र, धनंजय तिवारी और डॉ. बलराम मिश्र प्रमुख थे। सभी ने इस जनसेवा की सराहना की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### इसौली विधायक का बहुरांवा गांव में दौरा

**बिजली और सड़क समस्याओं का जल्द समाधान का आश्वासन**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बहुरांवा गांव में इसौली विधायक ताहिर खान ने क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने ऐंजर के निवासियों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बिजली और सड़कों की खराब स्थिति के बारे में अवगत कराया। विधायक ने सभी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं।

# लखनऊ के भागीदारी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ प्रांतीय अधिवेशन

- उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति का 87वां प्रांतीय अधिवेशन संपन्न
- प्रांतीय अधिवेशन में बहराइच टीम को मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति बहराइच के सभी पदाधिकारीयों को संस्था में विशिष्ट कार्यों के लिए समिति के चेयरमैन ने सम्मानित किया। बहराइच उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति द्वारा बीते 20 जून को लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग के भागीदारी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सभी के दिलों पर राज करने वाले लोकप्रिय जन यशस्वी कमलेश श्रीवास्तव चेयरमैन द्वारा किया गया इस 87वें, प्रांतीय अधिवेशन के दौरान बहराइच जनपद की जिला इकाई टीम को समिति में उल्लेखनीय योगदान के लिए फूल माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री एवं समिति के अध्यक्ष, पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण तथा विशिष्ट अतिथि समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के माध्यम से सेवा पथ पुस्तकें समाज के बाद कल्याण मंत्री एवं टीम के पदाधिकारियों दिया गया इसी क्रम में मंच से बताया गया कि समाज में अपराध निरोध, नशा मुक्ति अभियान, महिला एवं बाल संरक्षण, यातायत व्यवस्था में जागरूकता, कानून व्यवस्था के प्रति जन-जागरूकता तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की गई। समिति के चेयरमैन श्रीवास्तव ने बहराइच टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि, बहराइच इकाई ने समिति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। यह सम्मान न केवल टीम का




उत्साहवर्धन करेगा, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। सम्मान प्राप्त करने वालों में जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव प्रसाद मौर्य, उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन, जिला संयोजक केशरी प्रसाद सोनी, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, महबूब अहमद, विनोद कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, इमरान मेकरानी सहित टीम के अन्य सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस उपलब्धि को पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया।

कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्यजनों की उपस्थिति ने आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली बनाया। समिति ने इस अवसर पर आगामी अभियानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, जिसमें बहराइच टीम की भागीदारी की विशेष अपेक्षा की गई। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण जी ने बहराइच में समिति की 500 को बीघा जमीन पर जो अवैध लोगो ने अतिक्रमण कर रखा है उसको जल्द से जल्द खाली करवाकर समिति को सौंपने का आश्वासन भी दिया और संस्था के लोगों को इस समय हो रहे मुख्य अपराध नशा और साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करने के लिए और आगे बढ़कर अधिक काम करने का संकल्प भी लिया।

# कैसरगंजः जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकताओं न किया योगाभ्यास, बताए फायदे

**कैसरगंज में मनाया गया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**




अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज मे आज शनिवार 21 जून को 11वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।इस वृष की थीम ₹एक पृथ्वी₹, एक स्वास्थ्य के लिए ₹योग₹ रखी गई है।शनिवार को तहसील मुख्यालय में एसडीएम अखिलेश सिंह के नेतृत्व में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवानांद सिंह बीजेपी कार्यकर्ता के साथ सरदार पटेल इंटर कालेज में योगभ्यास किए। तहसील मुख्यालय पर योगाचार्य रसल रघुवंशी ने लोगो को योग कराया और उन्होने योग के फायदे के बारे में भी बताया, योग भारत की प्राचीन धरोहर है। यह मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति प्रदान करता है।कैसरगंज कोतवाली मे कोतवाल सुरेन्द्र शर्मा ने पुलिस कर्मियो के साथ योग किया। नगर पंचायत कार्यालय के प्रंगण में ईओ शिवम्‌दिवेदी के निगरानी में उनकी सभी स्टाफ व सफाई कर्मी सहित अन्य लोग योग में शामिल रहे।

# मगरमच्छ संरक्षण के लिए छोटे-छोटे नाले निभा रहे अहम भूमिका

**ककरहा रेंज के उर्रा सोतिया नाले के पास मिले मगरमच्छ के बच्चे**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में जंगल के किनारे बहने वाले छोटे-छोटे सोतिया नाले मगरमच्छ संरक्षण में कारगर साबित हो रहे हैं। नालों के किनारे मगरमच्छों के घोसला बनाने के लिए जगह बहुत ही मुफीद है। शुक्रवार को कतर्नियाघाट पहुंचे केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जहां घड़ियाल संरक्षण के लिए सात घड़ियालों को गेरुआ में छोड़कर शुभारंभ किया उसके दूसरे दिन शनिवार को उर्रा में मगरमच्छ के बच्चों का झुंड मिलने से मगरमच्छ संरक्षण के शुभ संकेत देखने को मिले हैं। ककरहा रेंज के अंतर्गत उर्रा गांव के निकट बहने वाले सोतिया नाले के पास खेत गए किसानों को मगरमच्छ के बच्चे दिखाई दिए जैसे सूचना गांव में पहुंची लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन ग्रामीणों की सजगता से बच्चों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके से मगरमच्छ के बच्चों को रेस्क्यू कर अपने साथ रेंज कार्यालय ले आई। वहीं ग्रामीणों की माने तो मौके पर सौ के आसपास बच्चे देखे गए। वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि उर्रा में सोतिया नाले के पास मगरमच्छ के बच्चे होने की सूचना मिली थी वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 20 के आसपास बच्चों को रेस्क्यू किया है उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। मगरमच्छ की सुरक्षा के लिए वहां एक टीम तैनात की गई है।

# छापेमारी के दौरान उर्वरक की दुकान बंद कर फरार होने वाले चार दुकानदारों का लाइसेंस निरस्त

**भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में उर्वरक की दुकानों पर हुई औचक छापेमारी**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में यूरिया की तस्करी और ओवर रेटिंग रोकने तथा किसानों को सही समय से खाद मिल सके इसके लिए जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में उर्वरक की दुकानों पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चार उर्वरक विक्रेता दुकान बंद करके फरार हो गए इस दौरान चारों दुकानों का उर्वरक लाइसेंस जिला कृषि अधिकारी ने निलंबित करते हुए कार्यवाही की है।जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव द्वारा शनिवार को भारत नेपाल सीमा से सटे तहसील मिहीपुरवा के मटेही कला में स्थित हैदराबाद बीज भंडार, राजेश खाद बीज भंडार, अनिल बीज भंडार, भोला खाद बीज भंडार, मनोज बीज भंडार, न्यू भारत



खाद बीज भंडार, किसान सेवा केंद्र आर एन ट्रेडर्स, सर्रा कला ट्विंकल खाद भंडार, बलिस्टर खाद भंडार की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मटेही कला में स्थित मनोज बीज भंडार, भोला खाद बीज भंडार, न्यू नवभारत खाद बीज भंडार एवं किसान सेवा केंद्र द्वारा दुकान बंद करके भाग जाने के कारण लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही बॉर्डर एरिया से सटे लौकाही एवं बलई गांव क्षेत्र में आकस्मिक छापेमारी करके निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उर्वरक के 6 संदिग्ध नमूने भरकर प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी के निरीक्षण से बॉर्डर एरिया के क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं में हलचल मच गई ।2 उर्वरक विक्रेताओं को अभिलेख एवं स्टाक में अनियमित होने के कारण बताओं नोटिस देकर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव ने बताया कि भारत नेपाल सीमा से सटे उर्वरक की दुकानों पर औचक छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान दुकान बंद कर भागने वाले चार दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित कर कार्रवाई की गई है साथ ही समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी उर्वरक विक्रेता ई पास मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करें।

# कस्बा बाबागंज में नवनियुक्त कोतवाल ने किया पैदल गश्त

**पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्रवासियो को सुरक्षा का एहसास दिलाना: रमेश रावत**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र कस्बा बाबागंज में शुक्रवार शाम रुपईडीहा पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। कोतवाल रूपईडीहा रमेश रावत के नेतृत्व में यह मार्च आयोजित किया गया। जिसमे लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया एवं आगामी त्योहार कों शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य पर बल दिया गया। पुलिस बल ने बाबागंज के लगभग सभी मार्गो पर पैदल गश्त की। नवनियुक्ति एसएचओ रमेश रावत ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य कस्बावासियो कों सुरक्षा का एहसास दिलाना है। साथ की अपराधों पर नियंत्रण करना भी इसका लक्ष्य है।गश्त के दौरान पुलिस ने यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों कों चेतावनी दी। कस्बावासियों का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र व कस्बा में कानून व्यवस्था और यातायात नियमों का पालन बेहतर होने की उम्मीद है।इस



मौके पर अपराध निरीक्षक रणजीत यादव, प्रभारी चौकी इंचार्ज रणविजय सिंह, उपनिरीक्षक अमरनाथ मौर्य, आरक्षी जयचंद गोंड, अभिषेक सिंह, सत्यम सोनी, आयुष कुमार, कुलदीप दूबे, सुनील निषाद मौजूद रहे।

# जिले में गांव से लेकर शहर तक धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

**आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया योग**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। जिले में 11वां योग दिवस बड़े ही धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया। गांव से लेकर शहर तक योग को लेकर विशेष तैयारी की गई थी सुबह 6 बजे से लेकर शुरू हुए योग कार्यक्रम जगह-जगह दिखाई पड़े आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने एक साथ योग कर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। बहराइच के इंदिरा गांधी स्टेडियम में सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड, सदस्य विधान परिषद डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, जिला अधिकारी मोनिका रानी ने योग किया।बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर ने क्षेत्र के बगहा पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष धनीराम लोधी व ग्रामीणों के साथ योग किया। तहसील मिहींपुरवा में उपजिलाधिकारी प्रकाश सिंह ने तहसील कर्मचारियों के साथ योग किया। ब्लॉक बलहा में ब्लाक प्रमुख विजय कुमार वर्मा प्रतिनिधि कृपाराम वर्मा ने ब्लाक परिसर में योग किया। ब्लॉक मिहींपुरवा में ब्लाक प्रमुख अभिषेक सौरभ वर्मा, बीडियो विनोद यादव ने ब्लाक कर्मियों के साथ योग किया सेमरहना में स्थित एसपीवीपी इंटर कालेज में प्राचार्य दुर्गेश कुशवाहा प्रबंधक अनिल कुशवाहा ने विद्यार्थियों के साथ योग किया। इसके साथ ही योग कार्यक्रम पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रत्येक नागरिक ने योग कार्यक्रम में शामिल होने की उत्सुकता दिखाई। जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने आम जनमानस के साथ योग कर सबको स्वस्थ रहने का संदेश दिया। आपको बताते चले की प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग अपनाना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रह सके स्वस्थ शरीर के लिए योगा बहुत ही उपयोगी है।

# सीएचसी चरदा में धूमधाम से मनाया गया योग दिवस

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर महेश कुमार विश्वकर्मा ने योग दिवस का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया और कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। एक विश्व-एक परिवार के रूप में सभी के कल्याण के लिए योग जीवन में जरूरी है।सभी व्यक्तियों कों प्रतिदिन योग करना चाहिए। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, बज्रासन, भ्रामरी, हलासन, कपालभाति, ताड़ासन आदि योगासन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अर्चित



श्रीवास्तव, आशुतोष वर्मा फार्मासिस्ट, दीपक कुमार डाटा ऑपरेटर, हरीराम आर्य स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, विनोद तिवारी वरिष्ठ सहायक, राहुल कश्यप एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत

**दो गंभीर रूप से घायल**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज अंतर्गत लखनऊ बहराइच राजमार्ग स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के निकट बस ने मोटरसाइकिल स्वर को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल सवार को बस रगड़ते हुए 50 मीटर दूर खींच ले गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरवल कस्बा से कैसरगंज आ रही मोटरसाइकिल पर बैठे तीन व्यक्ति को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार मोहम्मद नादिर पुत्र अब्दुल कादिर उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी रुकनापुर खुर्द थाना फखरपुर की मौके पर मौत हो गई जबकि पीछे बैठे आसिफ पुत्र सरफुद्दीन और सुफियान पुत्र सिराजुद्दीन निवासी रुकनापुर खुर्द थाना फखरपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल आसिफपुत्र सरफुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी कैसरगंज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

# अवैध कब्जा हटाने गई राजस्व टीम पर हमला

**एसडीएम समेत कर्मचारियों से हाथापाई, तीन नामजद सहित 15 महिलाओं पर केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान एसडीएम और राजस्व टीम पर हमला हुआ। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर वार्ड में दोपहर करीब दो बजे एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम पहुंची थी। इस दौरान तेजभान सिंह, उदयभान सिंह, मन्नू सिंह और दर्जनों महिलाओं ने राजस्व कर्मियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने टीम पर ईंट-पत्थर फेंके और सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। एसडीएम के साथ हाथापाई भी की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को जान बचाने के लिए मौके से भागना पड़ा। हमले में शिकायतकर्ता भोलानाथ सिंह, नायब तहसीलदार अनुश्री और लेखपाल सिराज घायल हुए। घटना के बाद 6 लेखपाल और एक कानूनगो की शिकायत पर पुलिस




ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(2), 109, 125, 121(1), 132, 126 (2), 324(4), 285, 221, 2 और 3 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शिकायत में उदयभान सिंह के रिश्तेदार और उनके घर की 10-15 महिलाओं का भी जिक्र है।

# इंटर की छात्रा हुई गायब

**घर से कोचिंग का बताकर थी निकली, बचपन से ननिहाल में रहती थी**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गांव से इंटर मीडिएट की छात्रा के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग छात्रा ने कोतवाली में तहरीर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दिया है। प्रतापगढ़ जिले के एक गांव की नाबालिग छात्रा लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गांव में अपने ननिहाल में रहकर बचपन से ही रहकर पढ़ाई कर रही थी। लापता नाबालिग लड़की के मामा के अनुसार फिलवक़्त उनकी भांजी इंटर की छात्रा है। वो कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज लंभुआ में पढ़ती है। सुबह 8 बजे वह दियरा रोड स्थित एक कोचिंग पर पढ़ने के लिए घर से गई थी। कोचिंग के बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी देर होने के बाद भी उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी आसपास तलाश शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। लड़की के मामा ने बताया कि प्रतापगढ़ स्थित उसके घर व अन्य रिश्तेदारों से भी सम्पर्क किया गया लेकिन वो वहां पर भी नहीं गई है। उसकी कुल उम्र 16 वर्ष 7 माह है। मामा ने यह भी बताया कि वह दो मोबाइल नंबरों पर अधिक बात करती थी। इसी आधार पर उसने मामले की पुलिस में शिकायत दर्ज कराया है। इस बाबत लंभुआ कोतवाली के प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# चोर की गिरफ्तारी पर व्यापारियों ने जताई खुशी

**एसपी और एएसपी को किया सम्मानित, पुलिस चेकिंग से होने वाली परेशानी बताई**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सरार्फा व्यवसायियों के यहां चोरी करने वाले शातिर चोर को इन्हौना पुलिस और एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। इस सफलता के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों का सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक को प्रसंशा पत्र और अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह को गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी कई समस्याएं भी रखीं। व्यापारियों ने कस्बों में होने वाली पुलिस चेकिंग से होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाया। एसपी ने आश्वासन दिया कि चेकिंग के दौरान किसी



व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा। चालान को लेकर चर्चा ई-रिक्शा चालकों के चालान को लेकर भी चर्चा हुई। एसपी ने सामान्य चालान करने का आश्वासन दिया, जिससे चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। व्यापारियों ने मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर होने वाले हादसों का मुद्दा भी उठाया। पुलिस बूथ बनाने का प्रस्ताव व्यापार मंडल ने चौराहे पर पुलिस बूथ बनाने का प्रस्ताव रखा और इसका खर्च वहन करने की सहमति दी। कार्यक्रम में सुशील जायसवाल, राकेश लोहिया, चित्रांशु जायसवाल, मोनू सोनी, दुर्गेश सोनी, रामजी अग्रहरि, सतीश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### हाउस टैक्स बढ़ोतरी का विरोध

**50 से अधिक पार्षदों ने मेयर से की मुलाकात, विशेष सदन बैठक की मांग**

गाजियाबाद, नगर निगम में हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में पार्षदों का आंदोलन तेज हो गया है। 50 से अधिक पार्षद एकजुट होकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मेयर सुनीता दयाल से मुलाकात की। पार्षदों ने इस फैसले को तानाशाही बताया है। उनका कहना है कि जनता पर बिना चर्चा के अतिरिक्त टैक्स लगाना उचित नहीं है। पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया है। टपार्षदों की प्रमुख मांग है कि इस मुद्दे पर तत्काल विशेष सदन की बैठक बुलाई जाए। वे चाहते हैं कि सभी पार्षदों की राय लेकर टैक्स वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए। पार्षदों का तर्क है कि वर्तमान आर्थिक स्थिति में टैक्स बढ़ाने से आम जनता की परेशानियां बढ़ेंगी। इस कारण लोगों में पहले से ही नाराजगी है।

### राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन

**काला आम चौराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने केक काटा, बैंड बजाया**

बुलंदशहर, कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी का 55वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में काला आम चौराहा और मलका पार्क पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकताओं ने मलका पार्क के गेट पर 11 किलो का केक काटा। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए गए। कार्यकताओं ने शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे भी छोड़े। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड. जियाउर्रहमान ने कहा कि राहुल गांधी शोषितों और वंचितों के लिए लड़ने वाले नेता हैं। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, सुभाष गांधी और नईम मंसूरी ने राहुल की नीतियों की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लिया और राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मौके पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनमें शहर अध्यक्ष रवि लोधी, नरेंद्र चौधरी, शकील अहमद, वीरेंद्र शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकताओं ने राहुल गांधी के दीघार्यु होने और आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री बनने की कामना की। साथ ही जातिगत जनगणना कराने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

### 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिली नियुक्ति

**विधायक मीनाक्षी सिंह और ब्लॉक प्रमुख ने किया प्रमाण पत्र वितरण**

बुलंदशहर, खुर्जा के जंक्शन रोड स्थित ब्लॉक सभागार में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक मीनाक्षी सिंह और ब्लॉक प्रमुख मोनिका सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 35 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर सभी कार्यकर्त्रियों ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। स्थानीय विधायक मीनाक्षी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और आम आदमी की सरकार है। कार्यक्रम में बीडीओ विवेक कुमार, सीडीपीओ किरन और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति की बहुमूल्य निधि थे ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा : देवदास महाराज

अमन लेखनी समाचार/ अमन मिश्रा



वृन्दावन।यमुना पार स्थित देवरहा बाबा समाधि स्थल पर ब्रह्मर्षि योग सम्राट देवरहा बाबा का त्रिदिवसीय 35वां योगिनी एकादशी वार्षिक पुण्यतिथि महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हो गया है।महोत्सव का शुभारम्भ आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मर्षि देवदास महाराज (बड़े सरकार) ने ब्रह्मलीन देवरहा बाबा महाराज की प्रतिमा व उनकी समाधि का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पुष्पार्चन करके किया।साथ ही उन्होंने इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में कहा कि हमारे सदगुरुदेव देवरहा बाबा महाराज भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति की बहुमूल्य निधि थे। इसीलिए उनके दर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का तांता लगा रहता था। पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज व श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के श्रीमहंत अमर दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन संत देवरहा बाबा महाराज युगपुरुष थे।देश व समाज के लिए उनके एक नही अपितु अनेकों कीर्तिमान हैं।पृथ्वी पर उनका अवतरण लोककल्याण के लिए हुआ था। श्रीराधा उपासना कुंज के महन्त बाबा संत दास महाराज व ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिय ने कहा कि योग सम्राट देवरहा बाबा महाराज ने अपनी दिव्य व अलौकिक शक्तियों से प्रकृति तक पर विजय प्राप्त की हुई थी।उन्हें अष्टांग योग और ब्रह्मलीन रहने की सिद्धि प्राप्त थी। मोर कुटी के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी परमेश्वर दास त्यागी व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा योगीराज देवरहा बाबा महाराज पहले देश के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग महीनों में अलग-अलग जगह मचान बनाकर रहा करते थे। परन्तु बाद में वे राधा-कृष्ण के आदेश पर स्थाई रूप से श्रीधाम वृन्दावन में ही यमुना किनारे मचान बनाकर रहने लगे।उन्होंने यहां रहकर असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया। संत-सम्मेलन के अंतर्गत चतुः सम्प्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज के आवाहन पर समस्त महामण्डलेश्वरों, श्रीमहंतों व महंतों आदि ने बांके बिहारी कॉरिडोर बनाए जाने का समर्थन किया। इससे पूर्व प्रख्यात भजन गायक नंदू भैया व पंजाब से आए परम सावल और बाल व्यास कशिश कृष्ण किशोरी (पंजाब) ने पूज्य बाबा महाराज की महिमा से ओतप्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर महंत रामकेवल दास महाराज, संत प्रवर रामदास महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी महाराज, महंत हरिशंकर नागा, महंत लाड़िली दास, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया। महोत्सव के अंतर्गत महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, महंतों और विद्वानों आदि का सम्मान किया गया।साथ ही संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# महंत हरि गिरी महाराज पहुंचे वृंदावन

## अखिल भारत वर्षीय ब्रज प्रातः अध्यक्ष पंडित बिहारी लाल ने किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



मथुरा/वृंदावन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री महंत हरि गिरी महाराज जूना अखाड़ा अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान शुक्रवार को वृंदावन पहुंचे। जहां उनका वृंदावन के अट्ल्ला चुंगी स्थित एक आश्रम पर पहुंचने पर अखिल भारत वर्षीय ब्रज प्रातः अध्यक्ष पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ द्वारा ठाकुर जी की तस्वीर व माला पहनाकर जोशिला स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकारों से रूबरू हुए महंत हरि गिरी महाराज ने कहा कि सरकार कॉरिडोर बनाए, लेकिन धार्मिक नगरी के प्राचीन अस्तित्व का ध्यान रखकर। कुंज गलियों को न तोड़कर यमुना के आसपास कोरिडोर का निर्माण कराया जाए, जिससे कि कुंज गलियों की पहचान खत्म न होकर व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा सके।उन्होंने न्यास गठन को लेकर लाए गए अध्यादेश का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि ठाकुर जी पर सिर्फ सेवायतों का अधिकार है।इसलिए अध्यादेश को पूरी तरह निरस्त किया जाएं। वही उन्होंने वृंदावन रेलवे लाइन डाले जाने के सवाल पर कहा कि वृंदावन में ऐसी रेलवे लाइन डाली जाए जो सीधे हाथरस से अलीगढ़ का सफर तय कर सके।जिससे जाम के साथ साथ श्रद्धालुओं को सफर में भी बेहतर सुविधा मिल सकेगी।इस दौरान उनके साथ आए महंत नारायण गिरी महाराज ने भी कॉरिडोर का विरोध किया।इस दौरान महंत रामदास महाराज, गौरव रस्तोगी आदि के अलावा स्वागत करने वाले दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योगदिवस पर योगाभ्यास



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सामूहिक योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्राओं एवं उनके परिजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। योग अभ्यास कार्यक्रम में यौगिक सूर्य नमस्कार के विभिन्न 12 चरणों का अभ्यास , प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने बताया कि पृथ्वी, जल, वायु , अग्नि, आकाश पांच तत्वों से हमारा शरीर बना है और हम अष्टांग योग की महान योग विद्या का पालन करके ही हम भारतवासी स्वस्थ और सशक्त हो सकते हैं तथा भारत को पुनः विश्व गुरु बना सकते हैं। इस अवसर पर अमरनाथ शिक्षण संस्थान के स्विमिंग पूल पर तैराकी प्रशिक्षक श्री असलम खान के नेतृत्व में जल योग का रोमांचक प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ आरती पाठक, शायमा मुस्तफा, कनिका अग्रवाल, महेंद्र राजपूत ,सुनील तिवारी अनुराग शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# सांसद हेमा मालिनी ने योग कर बृजवासियों को किया जागरूक

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

**भव्य रूप में हुआ योग संगम का आयोजन**

अमन लेखनी समाचार/ अमन मिश्रा




मथुरा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन ३योग संगम३ के नाम से स्व0 मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम/ गणेशरा स्टेडियम में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ एवं उद्घाटन माननीय गणों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया, जिसमें सांसद श्रीमती हेमा मालिनी सांसद तेजवीर सिंह सांसद प्रतिनिधि श्री जनार्दन शर्मा जी, मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ.गोपाल सिंह तथा चिकित्सक डॉ. अमृत कुमार, डॉ.बृजेश, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ.सचिन शर्मा, डॉ. वसुंधरा शर्मा, डॉ. प्रतिज्ञा चौहान, डा.प्रतीक मदान द्वारा किया गया।आयोजन का शुभारंभ भगवान धनवंतरी जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी का जन संदेश उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनमानस ने देखा। उक्त के पश्चात योगाचार्य सौरभ सिंह, पारुल शर्मा (मास्टर ट्रेनर) तथा देवांशी द्विवेदी द्वारा समस्त उपस्थित जनपद वासियों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही प्रत्येक आसन के लाभ भी बताए गए तथा इसके अलावा सामान्य योग सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला गया। जनपद में योग संगम का आयोजन सभी ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर पार्क, अमृत सरोवर, घाट, जिला कारगार, किशोर संप्रेक्षण गृह, समाज कल्याण के अंतर्गत छात्रावास, दिव्यांग विद्यालय, रमन रेती आदि प्रसिद्ध स्थलों पर किया गया। योग संगम आयोजन में उपस्थित समस्त माननीय गण को पौधे के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा आयोजित डिजिटल योग प्रेरक प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समापन समारोह में माननीयों द्वारा जन मानस को योगाभ्यास के प्रति प्रेरित किया तथा योगमयी भविष्य के लिए दृण प्रतिज्ञ किया गया। विशेषकर युवा पीढ़ी को योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने को प्रशस्त किया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में उद्यान विभाग(नोडल) द्वारा स्व0 मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम/ गणेशरा स्टेडियम के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेमा मालिनी जी, माननीय सांसद तेजवीर सिंह मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना आदि ने स्टेडियम में परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के अंत में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में स्वास्थ्य और अनुशासन का एक संदेश है। उन्होंने जनपदवासियों को योग को अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत होता है और जीवन में ऊर्जा बढ़ाते हैं। करें योग, रहें निरोग। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, डिप्टी कलेक्टर प्राजक्ता त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी ( डॉ0 नेहा कुमारी, डॉ0 अमित गुप्ता, डॉ0 सचिन शर्मा, डॉ0 प्रतिज्ञा चौहान), जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश विश्वकर्मा, पंकज कुमार, कार्यालय स्टाफ (रमा शर्मा, रवि भारद्वाज, मनीष निगम, प्रमोद गुप्ता, दामोदर, शिब्बू) तथा चिकित्सालय स्टाफ (भूप सिंह, विष्णु कुमार, सुशील, विजेंद्र, संजय, विष्णु, लव, अंकुर, आकाश, रोहित, पुष्पेंद्र, निशांत, हरि ओम) आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन डा. नेहा द्वारा किया गया।

# सी.आर.पी.एफ. ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अमन लेखनी समाचार/अमन मिश्रा




मथुरा। 16 बटालियन सी०आर०पी०एफ० द्वारा रॉची बांगर स्थित अपने मुख्यालय में भूपेन्द्र कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेन्ज लखनऊ एवं नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 16 बटा० के संयुक्त नेतृत्व में दिनांक-21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विधिवत तरीके से मनाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी थी और 2015 में 21 जून को पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के बीच मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को बढ़ावा देना हैं। इस अवसर पर भूपेन्द्र कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेन्ज लखनऊ सी०आर०पी०एफ० की अगुवाई में मुख्यालय 16 बटा० सी०आर०पी०एफ०, रॉची बांगर, मथुरा में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में बल के सदस्यों ने बड चढकर हिस्सा लिया। तथा महोदय द्वारा योग की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग साधना को प्रत्येक कार्मिक अपनी जीवन शैली बनायें और इसे किसी भी उम्र का व्यक्ति आसानी से कर सकता हैं। योग अभ्यास एक बेहतर इंसान बनाने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ शरीर और एक सुकुन भरे हृदय को पाने में मददगार हैं। इस कार्यक्रम में जुगल किशोर जोशी (द्वितीय कमान अधिकारी), राजेश्वर सिहं यादव (द्वितीय कमान अधिकारी), लोकेश चौधरी (सहा० कमा०), विजया नन्दा भोई (सहा० कमा०), प्रयाश मलिक (सहा० कमा०), के साथ वाहिनी के समस्त अधिकारीगण एवं बल के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# प्रेमी ने खुद को जलाया, प्रेमिका ने लगाई फांसी

## मेरठ में मोहब्बत में गर्लफ्रैंड ने दी जान, युवती के भाई ने दोनों को देखा था

अमल देखने समाचार



मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के फाजलपुर में प्रेमी जोड़े प्रवीण-शिवानी ने खुद को खत्म करने का प्रयास किया। दोनों को शिवानी के भाई ने साथ देख लिया था। इसके बाद हंगामा मच गया। इससे परेशान होकर प्रेमी प्रवीण ने अपने घर पर जाकर खुद के ऊपर थिनर डालकर आग लगा ली। शिवानी को पड़ोसियों से इसकी जानकारी मिली तो उसने भी कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी है। घायल प्रवीण गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस जांच कर रही है। यहां अनूपनगर फाजलपुर में रहने वाली शिवानी और प्रवीण का लंबे समय से अफेयर चल रहा था। दोनों छिपकर मिलते थे। शिवानी के भाई ने दोनों को देख लिया। इससे झगड़ा हो गया। दोनों के मिलने पर पाबंदी लग गई। इसके बाद प्रेमी प्रवीण अपने घर गया। उसने खुद पर थिनर डालकर आग लगा ली। जबकि शिवानी को ये खबर मिली तो उसने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर दौड़ी और फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रवीण के घरवालों ने थाने में शिवानी के परिजनों के खिलाफ ऑनर किलिंग की तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। अनूपनगर फाजलपुर निवासी 24 वर्षीय शिवानी सैनी उर्फ सोनी बीए की छात्रा थी। शिवानी का प्रेम प्रसंग मोहल्ला निवासी प्रवीण सैनी से चल रहा था। दोनों को साथ में शिवानी के भाई ने देख लिया था। इसी को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। युवती के भाई ने प्रवीण से मारपीट कर दी। प्रवीण ने घर के बाहर ही गली में अपने ऊपर थिनर डालकर आग लगा ली। हालांकि परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने प्रवीण को बचा लिया। दूसरी ओर, प्रवीण के आग लगाने की जानकारी शिवानी को मिल गई। शिवानी को लगा कि प्रवीण को कुछ हो गया है। ऐसे में शिवानी ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी हुई तो परिजनों ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा तो अंदर शिवानी की लाश फंदे पर लटकी मिली। शिवानी के घरवाले उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में थे। तभी प्रेमी प्रवीण को अस्पताल में इसकी जानकारी मिली। उसने किसी तरह अपने घरवालों को थाने भेजकर मामले की जानकारी पुलिस को कराई। थाने में बताया कि शिवानी के प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर परिजनों ने शिवानी को मार दिया है।

# गुरु पूर्णिमा मेला की तैयारियों के साथ प्रशासन सख्त



अमल देखने समाचार/अमन मिश्रा

मथुरा गुरु पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत राधा कुंड के परिक्रमा मार्ग में प्रशासन द्वारा किया गया निरीक्षण एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत सी ओ आलोक कुमार गोवर्धन थानाअध्यक्ष रवि त्यागी चौकी प्रभारी शैलेंद्र शर्मा द्वारा रामलीला मैदान से लेकर राधा कुंड श्याम कुंड के घाटो एवं राधा कुंड की सकरी गलियों से गुजरने वाले परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया गया गुरु पूर्णिमा मेले को लेकर विशेषकर खोया पाया केंद्र राधा कुंड श्याम कुण्ड के घाटों पर वेरीगेटिंग एवं परिक्रमा मार्ग में नालियों को कवर करने के लिए राधा कुंड नगर पंचायत के लिए आदेश किया गया संगम मार्ग पर बांके बिहारी मंदिर का छज्जा गिरने की सूचना प्राप्त होने पर एसपी देहात द्वारा बांके बिहारी मंदिर कमेटी को नगर पंचायत राधा कुंड द्वारा नोटिस देने के लिए आदेश दिया गया परिक्रमा मार्ग में ऐसी पुरानी बिल्डिंग जो जर्जर हो चुकी है कोई दुर्घटना न हो इसके लिए नगर पंचायत द्वारा बिल्डिंग स्वामियों कोजल्द नोटिस दिया जाएगा

# कॉन्टिनेंटल टायर कंपनी का प्लांट बंद

## 300 कर्मचारियों की नौकरी गई, सपा विधायक ने किया प्रदर्शन; श्रम आयुक्त से की शिकायत

अमल देखने समाचार



मेरठ, मोदीपुरम स्थित कॉन्टिनेंटल टायर कंपनी ने अपना प्लांट बंद कर दिया है। इससे लगभग 300 कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। कर्मचारियों ने कंपनी गेट पर प्रदर्शन किया। उनके समर्थन में सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान भी पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बिना रिटायरमेंट लाभ के नौकरी से निकाल दिया गया है। वेतन भुगतान में भी अनियमितताएं की गई हैं। कर्मचारियों ने उप श्रम आयुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि कंपनी का यह कदम गलत है। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों को कम से कम दो से तीन महीने की सैलरी दी जाए। कर्मचारियों का कहना है कि एग्रीमेंट अंग्रेजी में था, जिसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। कुछ कर्मचारियों ने कंपनी के कुछ लोगों पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। कंपनी अधिकारियों के अनुसार, कॉन्टिनेंटल ने देश में अपने ट्रक और बस रेडियल टायर कारोबार को बंद करने का निर्णय लिया है। मेरठ का प्लांट भी इसी निर्णय के तहत बंद किया गया है। थाना पल्लवपुरम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कर्मचारियों को प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी।

# 19 साल की लड़की ने बनाया लूट गिरोह

- **धर्म कांटा चलाने वाली युवती समेत 11 गिरफ्तार, 5 टन लोहा और गाड़ियां बरामद**

अमल देखने समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में बिसरख पुलिस ने एक बड़े लूट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह की सरगना 19 वर्षीय तनु है, जो 12वीं पास है। पुलिस ने दो युवतियों समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। दो बाल अपचारियों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटा हुआ 5 टन लोहा बरामद किया है। इसके अलावा एक ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो स्कॉर्पियो गाड़ियां भी जब्त की हैं। गिरोह के पास से 70 हजार रुपए नकद और तमंचा-कारतूस भी मिले हैं। तनु अपने पिता की मृत्यु के बाद दो नाबालिग भाइयों के साथ धर्म कांटा चला रही थी। उसने अपने पिता के दोस्त ट्रक ड्राइवर मुकेश और अभिषेक के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। इस गिरोह में मोबाइल की दुकान चलाने वाला सोम, सिमरन, हैप्पी, पंकज और लक्की भी शामिल थे। 11 जून की सुबह गिरोह ने गाजियाबाद की लोहा मंडी से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। ट्रॉली में करीब 5 लाख रुपए का लोहा था। आरोपियों ने चालक को बंधक बनाकर माल अपने ट्रक में भर लिया। बाद में चालक को रबूपुरा में छोड़ दिया गया। जब माल मंजिल पर नहीं पहुंचा, तो लोहा मंडी के मालिक ने बिसरख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से गिरोह का पदार्फाश किया।

## सरोजनीनगर थाने में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाने में शनिवार को ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य व्यास जी ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया।इस दौरान थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने कहा कि योग शरीर को मन से और मन को आत्मा से जोड़ता है।थाना प्रभारी ने योग के महत्व को समझाते हुए कहा कि योग का शाब्दिक अर्थ है जोड़ना। वहीं योगाचार्य व्यास जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी जी के प्रयासों से योग को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। इस योग दिवस को लेकर देशभर में पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग ने गांव को शहर से, शहर को प्रदेश से, प्रदेश को देश से और देश को विश्व से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन विधा को विश्व ने जिस तरह से स्वीकार किया है, वह निश्चित रूप से सनातन की विजय है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सहित थाने के स्टाफ ने विभिन्न प्रकार के योग किए।

## विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा पंचपदी अधिगम शिक्षण पद्धति पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार




असम।विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा पंचपदी अधिगम शिक्षण पद्धति पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 16 से 20 जून तक असम के गुवाहाटी के मालीगांव स्थित सेवा भारती प्रकल्प, आदिंगिरि परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बालक-केंद्रित और व्यवहारिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। विद्या भारती विगत 73 वर्षों से भारतीय जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना पर आधारित स्वदेशी शिक्षा प्रणाली का देशभर में प्रचार-प्रसार कर रही है।संस्था द्वारा संचालित हजारों विद्यालयों में शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण, राष्ट्र चेतना, एवं व्यावहारिक जीवन मूल्यों से जोड़ा गया है। इसी दृष्टिकोण के अंतर्गत विकसित पंचपदी अधिगम पद्धति – ज्ञान प्राप्ति, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण और अभिव्यक्ति – विद्या भारती की एक विशिष्ट पहचान है, जिसे प्रारंभ से ही अपनाया गया है। गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (ठएढ 2020) में भी इस पद्धति को मान्यता दी गई है, जिससे इसकी प्रासंगिकता और महत्ता और अधिक स्पष्ट होती है। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ 16 जून को दीप प्रज्वलन एवं वंदना सत्र से हुआ।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. जगदींद्र रायचौधुरी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और पंचपदी पद्धति को अपने-अपने राज्यों में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया।उन्होंने पंचपदी पद्धति को भारत की समृद्ध शैक्षणिक परंपरा का जीवंत उदाहरण बताया।इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति, असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भगवती भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्षद्वय डी. रामकृष्ण राव एवं अवनीश भटनागर तथा अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख अशोक कुमार पांडा ने पूर्णकालिक सहभागिता के साथ प्रतिभागियों को गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण में कुल 20 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों द्वारा पंचपदी पद्धति – ज्ञान प्राप्ति, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण एवं अभिव्यक्ति – की व्यावहारिक प्रस्तुति दी गई। 20 जून को समापन सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पंचपदी पद्धति विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि उन्हें चिंतनशील, आत्मविश्वासी और उत्तरदायी नागरिक बनाती है।इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख अशोक पांडा, विद्या भारती नागालैंड के संगठन मंत्री पंकज सिन्हा, शिशु शिक्षा समिति, असम के महासचिव जगन्नाथ राजवंशी एवं अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## निगोहां के स्टेशन रोड में जलभराव और गंदगी से लोग परेशान, समाधान दिवस पर पहुंची शिकायत

### ग्राम विकास अधिकारी के आदेश के बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी ने नहीं करवाई नालियों की सफाई...

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां के स्टेशन रोड पर जलभराव और सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर स्थानीय निवासी बौखलाए हुए हैं इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासी सौरभ सिंह द्वारा समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज को शिकायती पत्र सौंपा गया ।प्राप्त विवरण के अनुसार निगोहां के स्टेशन रोड के समीप स्थित मोहल्ले में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है जिससे घरों के सामने कूड़ा-कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है शिकायती पत्र में बताया गया कि इलाके में डेंगू और अन्य बीमारियों का खतरा बना हुआ है, लेकिन सफाई कर्मियों की लापरवाही के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है शिकायतकर्ता सौरभ सिंह ने बताया कि इस बाबत कई बार नगर विकास विभाग और संबंधित सफाई निरीक्षक से शिकायत की गई, लेकिन कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई हाल ही में हुई बारिश के दौरान नालियों के जाम होने से मोहल्ले के कई घरों में पानी भर गया, जिससे घरेलू सामान खराब हो गया और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा उन्होंने समाधान दिवस के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि स्टेशन रोड के आसपास की नालियों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए साथ ही, नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को बीमारी और नुकसान से बचाया जा सके।

## भाजपा नेत्री स्वाती सिंह की अगुवाई में सैकड़ों महिलाओं ने किया योगाभ्यास

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के मीडिया संपर्क विभाग द्वारा २०२५ का योग महोत्सव का आयोजन पायनियर मांटेसरी स्कूल की विकास नगर, लखनऊ शाखा में कार्यक्रम की संयोजक स्वाती सिंह ( कैन्ट लखनऊ ) के नेतृत्व में लगभग ३५० महिला बहनों के साथ सामूहिक योगाभ्यास करके मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्चना सिंह , प्रधानाचार्य पायनियर मोंटेसरी स्कूल ने सभी महिला शक्तियों को योग दिवस की बधाई प्रेषित कर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया . इस अवसर पर स्वाति सिंह ने मोदी सरकार के ११ वर्षो की उपलब्धियों को महिलाओ के बीच रखकर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी केवल प्रधानमंत्री ही नही बल्कि हर बहन और बेटी के वास्तविक अभिभावक है ।जिस तरह से मोदी जी ने लगातार बिना जाति धर्म के भेद भाव के महिलाओ की चिंता करते हुए उनके कल्याण के लिए नीतिया बनाई है वो बताता है कि हम सब बहनों के पास एक पिता और भी है जो २४ घंटे हमारी चिंता करते रहते है . संसद में ३३ % आरक्षण हो, ट्रिपल तलाक हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो या जन धन खाता हो, उज्ज्वला योजना हो या मातृत्व योजना हो, लगभग सभी योजनाओ को महिलाओ की चिंता करते हुए बनाया है. इसके साथ ही सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह जी ने लखनऊ को यातायात के जाम से निजात दिलाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण फ्लाईओवर , किसान पथ , लखनऊ की जनता के स्वास्थ के लिए ओपन जिम जैसी सुविधाये प्रदान की है .माननीय मुख्यमंत्री योगी जी ने अपराध मुक्त प्रदेश हेतु जीरो टालरेंस नीति बनाकर प्रदेश को अपराध मुक्त बनाया है और प्रदेश को आर्थिक मजबूती प्रदान की है।

## निगोहा क्षेत्र में बिजली संकट से दर्जनों गांव बेहाल, भीषण गर्मी में ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ीं, अधिकारी बेपरवाह.......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विकासखंड के निगोहा क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी के साथ-साथ बिजली की गंभीर समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है क्षेत्र के दर्जनों गांव जिनमें मिरखनगर बैरीसालपुर मंगतैया और रघुनाथ खेड़ा बाबू खेड़ा रत्नानपुर, निगोहा कस्बा, जैसे गाँव प्रमुख हैं लगातार बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं ग्रामीणों के अनुसार, दिन भर में 10 से 12 बार बिजली का आना-जाना आम बात हो गई है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है पंखे और कूलर ठप पड़े हैं, ट्यूबवेल और मोटर न चल पाने से पानी की भी भारी किल्लत हो गई है बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की स्थिति और भी चिंताजनक है स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई असर नहीं हो रहा है विभागीय कर्मचारी और अधिकारी समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं निगोहा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश वाजपेई ने बिजली व्यवस्था की बदहाली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बिल्कुल लापरवाह हो चुके हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है हम जल्द ही उच्चाधिकारियों से शिकायत कर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे प्रशासन और बिजली विभाग से ग्रामीणों की साफ मांग है नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि भीषण गर्मी में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

## योग व्यायाम ही नहीं, बल्कि एक साधना भी : डॉ. संदीप सरावगी

### संघर्ष सेवा समिति कार्यालय परिसर में किया गया सामूहिक योग

अमन लेखनी समाचार



झांसी। विश्व योग दिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति में संस्थापक अध्यक्ष तथा समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी के नेतृत्व में आज समिति के तमाम सदस्यों द्वारा योग किया गया। इस दौरान डॉक्टर संदीप ने कहा कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में जिस तरह से इंसान अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, उसे रोकने के लिए योग सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।उन्होंने कहा कि योग सिर्फ एक व्यायाम ही नहीं, बल्कि एक साधना भी है, जो व्यक्ति के अंदर आत्म शक्ति तथा इंद्रियों पर नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज के दिन को योग दिवस के रूप में घोषित किया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसका जीवन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और जीवन के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण स्वास्थ्य है और योग इस स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी से और खास तौर पर युवाओं से अपील की कि वह अपने व्यस्ततम जीवन में योग के लिए अवश्य समय निकालें, ताकि न केवल उनका स्वास्थ्य, बल्कि आयु भी स्वस्थ रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से संदीप नामदेव, राजदा खान, नरगिस, अनीता सिंह, शुभी सेन, आनंद चौहान, शिवानी कुशवाहा, राजेश गुप्ता गप्पू, अनिल वर्मा, महेंद्र रायकवार, नीलू रायकवार, राकेश अहिरवार, अभय कुशवाहा, राम अवतार राय, राजेंद्र कुशवाहा, राहुल रायकवार, नीता सिंह माहौर, भावना अग्रवाल, दीक्षा साहू, कौशल जहां, सहजेव सुशांत गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, बसंत गुप्ता, राजू सेन, प्रमेंद्र सिंह अरुण पांचाल, अरुण पांचाल आदि उपस्थित रहे।

## पाक्सो एक्ट के आरोपियों को मिली सजा.....

### गैंगरेप के मामले में आरोपी को बीसझबीस हजार के अर्थदंड के साथ छह माह की अतिरिक्त सजा........

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां की पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के चलते एक गैंगरेप के आरोपी को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है प्रकरण के अनुसार निगोहां थाना क्षेत्र के ग्राम भैंरमपुर मजरा मीरखनगर गांव के रहने वाले गैंग रेप के आरोपी शिवबरन उर्फ नान्हू पुत्र अर्जुन सिंह के खिलाफ निगोहां थाने में पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में दोषी पाया गया अपर सत्र न्यायालय पॉक्सो कोर्ट की अदालत ने बीते उन्नीस जून को सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को बीस बीस हजार रुपये के अर्थदंड सहित बीस बीस वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई अर्थदंड न अदा करने की स्थिति में आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने यह सजा सभी सजाएं साथ-साथ चलने की व्यवस्था के तहत दी है।इस मुकदमे में प्रभावशाली पैरवी एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में कराई गई थी पीड़िता के बयान एवं चिकित्सीय परीक्षण सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन कार्यालय ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा, जिससे न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा दी यह कार्रवाई ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है इससे क्षेत्र में न्यायिक प्रक्रिया में विश्वास और पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को बल मिला है।

## विश्व योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में हुआ योगासन

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। विश्व योग दिवस के उपलक्ष में जनपद के खजुहा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय आलमगंज में अभिभावकों ने योगाभ्यास करते हुए योग के प्रति आम जनमानस को प्रेरणा दी कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाध्यापक पंकज मिश्रा तथा योग दिवस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा रही सहायक अध्यापक का ऊषा सिंह के नेतृत्व में विद्यालय में मौजूद शिक्षक इंद्रपाल सिंह मनोरमा देवी आलम आरा तथा विद्यालय की रसोइया समेत अन्य शिक्षक तथा अभिभावक गणों ने योगाभ्यास किया विद्यालय में मौजूद सहायक अध्यापिका स्वाती दीक्षित श्वेता बाजपेई तथा अभिभावकों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के योग करते हुए आम जनमानस को प्रेरणा दी वही विद्यालय की सहायक अध्यापिका ऊषा सिंह ने आज के जीवन में आम जनमानस को योगाभ्यास एक महत्वपूर्ण अंग बताया शिक्षिका ने बताया कि वर्तमान के परिवेश में जीवन यापन करने वाले आम जनमानस को योगाभ्यास पर विशेष बल देना चाहिए जिससे संपूर्ण शरीर स्वस्थ विकार रहित रहता है वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज मिश्रा ने आए हुए सभी अभिभावक गणों का आभार व्यक्त किया विद्यालय प्रांगण में लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने योगाभ्यास करते हुए विश्व योग दिवस को महत्वाकांक्षा प्रदान की

## उत्तम स्वास्थ्य निरोगी काया के तहत जगह-जगह हुए योगाभ्यास

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानसिक शांति एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए देश की प्राचीनतम विभिन्न योगिक क्रियाओं से लोगों को जागरूक करने के लिए ब्लॉक परिसर में बीडीओ सुरेश शिवहरे बीईओ श्रवण कुमार पाल के संयुक्त तत्वाधान में बृहद योग शिविर का आयोजन किया गया प्रशिक्षकों ने लोगों को विभिन्न योगासनों की क्रियाओं के योगाभ्यास कराते हुए होने वाले मानसिक एवं शारीरिक लाभ की विस्तृत जानकारी दी अधिकारियों ने स्वस्थ जीवन शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया इस दौरान पंचायत कर्मियों शिक्षक शिक्षिकाओं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिविर में प्रतिभाग करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की चिकित्सा अधिकारी डा पुष्कर कटियार के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र कौंह चांदपुर समेत ग्रामीण क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्रों चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने योगाभ्यास किया कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में भी योगाभ्यास किया गया कस्बे के गायत्री मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने शिविर लगाकर लोगों को योगाभ्यास कराया तथा कस्बे में ही संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में आयोजित योग चेतना शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने योगाभ्यास कियो

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मनरेगा श्रमिकों ने किया योगाभ्यास, महिलाओं की रही विशेष भागीदारी......

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को मोहनलालगंज विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया अमृत सरोवर, खेल मैदान, तालाब और वृक्षारोपण स्थलों जैसे विभिन्न मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया ग्राम पंचायत राती और दखिना शेषपुर में तकनीकी सहायक इंजीनियर राजकिशोर शुक्ल के मार्गदर्शन में श्रमिकों ने सुव्यवस्थित ढंग से योगाभ्यास किया वहीं, हुलास खेड़ा में एपीओ उदयराज शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान श्रमिकों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम सहित अन्य योगासन किए करोरवा, दयालपुर भद्दीसिर्स समेत अन्य पंचायतों में भी योग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें महिला श्रमिकों की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया ग्राम पंचायत स्तर पर हुए इस आयोजन में श्रमिकों ने न केवल योग के लाभों को समझा, बल्कि आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता का परिचय भी दिया कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया विकासखंड प्रशासन द्वारा इस पहल की सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही गई।

## चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर यात्री के सूटकेस से सोने की कीमती ज्वैलरी चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बीते दिनों एक यात्री के सूटकेस से सोने की कीमती ज्वैलरी चोरी हो गई। इस मामले में हरियाणा के गुड़गांव में डीएलएफ सिटी, फेज -सेकंड स्थित यूपीसीएसआर के निदेशक बक्शी राम ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित का कहना है कि बीती 25 अप्रैल को वह एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1119) से अपनी पत्नी विजेश यादव के साथ लखनऊ से दिल्ली गए थे।तब अपने सूटकेस में सोने का एक कड़ा, दो हीरे की अंगूठी, एक पुखराज की अंगूठी, एक रूबी की अंगूठी और एक पन्ने की अंगूठी रखकर सूटकेस को नंबर से लॉक कर उसे बुक कर दिया। लेकिन जब दोपहर 12:30 बजे दिल्ली पहुंचे तो सूटकेश में सामान नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सूटकेस से उक्त सामान लखनऊ एयरपोर्ट पर किसी ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने संदेह जताया है कि एयरपोर्ट पर स्कैनर पर मौजूद व्यक्ति व लोडिंग करने वाले लोगों ने ही ऐसा किया है। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तहसील समाधान दिवस में आए 215 शिकायती पत्र, 37 का हुआ मौके पर निस्तारण......

### राजस्व विभाग से जुड़ी रहीं सबसे ज्यादा शिकायतें......

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 215 शिकायतें प्राप्त हुईं इनमें से 37 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 178 शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 125 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 29 मामलों का समाधान मौके पर किया गया पुलिस विभाग से संबंधित 37 शिकायतें आईं, जिनमें से 8 मामलों का निस्तारण किया गया राजस्व एवं पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों की संख्या 24 रही। विकास विभाग से 2 तथा अन्य श्रेणी में 27 शिकायतें दर्ज की गईं समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार मोहनलालगंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे तहसीलदार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और जनहित के मामलों में लापरवाही न बरती जाए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# शेखर कम्मुला की फिल्म कुबेर हुई रिलीज...

**मुंबई।** अक्किनेनी नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कुबेर' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार खत्म हो गया है। इस फिल्म के साथ एक नए प्रोड्यूसर भी इंडस्ट्री से जुड़ गए हैं। एआई-बेस्ड एंटरटेनमेंट कंपनी मुगाफी के संस्थापक विपुल अग्रवाल ने मशहूर निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ फिल्म 'कुबेर' के लिए हाथ मिलाया है। 'कुबेर' 20 जून को दुनियाभर में तमिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज हुई। यह फिल्म एक भव्य ड्रामा है, जो इमोशन, स्केल और विजुअल स्पेक्टेकल का बेहतरीन संगम पेश करती है। मुगाफी इस फिल्म के ग्लोबल प्रेजेंटिंग पार्टनर के रूप में जुड़ी है।

लाइफ Style

# डायना

## डिटेक्टिव शेरदिल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री डायना पेंटी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' में नजर आएंगी, जो शुक्रवार 20 जून को रिलीज हो रही है। इसमें डायना के अलावा दिलजीत दोसांझ, बोमन ईरानी और रत्ना पाठक जैसे सितारे हैं। हाल ही में डायना पेंटी ने इस फिल्म में काम करने का अनुभव शेयर किया।

डायना ने कहा कि सेट पर माहौल काफी अच्छा रहा। इसके अलावा ओटीटी कंटेंट के बढ़ते ट्रेंड पर भी उन्होंने बात की। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज को लेकर डायना बेहद उत्साहित और खुश हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह रिलीज से पहले होने वाली घबराहट अब भी महसूस हो रही है। मगर वे उत्साहित हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं और हमेशा की तरह किसी भी फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले मेरे पेट में तितलियां होती हैं। यह एक रोमांचक समय है'। फिल्म में काम करने का अनुभव शेयर करते हुए डायना ने कहा, 'मैंने अब तक जितने भी सेट देखे हैं, यह उनमें सबसे मजेदार साबित हुआ। हम कलाकारों का एक बड़ा ग्रुप था। सभी एक-दूसरे के साथ खूब घुलमिल गए। हम विदेश में बुडापेस्ट में शूटिंग कर रहे थे और अपने रोजाना के तय काम के घंटों के बाद हम नए रेस्तरां एक्सप्लोर करते। लोकल फूड खाते। हम क्योंकि देश से बाहर शूटिंग कर रहे थे, तो हमारा एक व्हाट्सएप ग्रुप था। हम हर दिन के हिसाब से वहां प्लान बनाते'। डायना पेंटी के मुताबिक, 'ऑफ-कैमरा मजेदार और अच्छा माहौल ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में तब्दील हो गया।




हॉलीवुड मसाला



# एफ-1 के मुरीद हुए क्रिटिक्स

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट रेसिंग फिल्म 'एफ 1' लेकर आ रहे हैं। रिलीज से पहले न्यूयॉर्क के रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। अब इस स्क्रीनिंग के बाद फिल्म के रिव्यू आने भी शुरू हो गए हैं। जिनमें कुछ लोग फिल्म की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई क्रिटिक्स फिल्म के एक्शन से काफी प्रभावित हैं। एक क्रिटिक्स ने फिल्म का रिव्यू करते हुए एक्स पर लिखा, 'एफ1 एक बहुत अच्छी स्पोर्ट्स मूवी है। फिल्म थोड़ी लंबी है।




# सीक्रेट एजेंट का रोल कर रही हैं रेबेल ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ब्राइड हार्ड' को साइमन वेस्ट डायरेक्टर रहे हैं। इस फिल्म में रेबेल विल्सन ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है। फिल्म में अन्ना कैंप, डेविन जॉय रैंडोल्फ, गिगी जुंबाडो, स्टीफन डोरफ और जस्टिन हार्टले जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'ब्राइड हार्ड'का रेबेल विल्सन हिस्सा हैं। 45 साल की इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने इस फिल्म में जमकर एक्शन सीन्स किए हैं। मगर जब फिल्म की शूटिंग खत्म हो रही थी तो एक्शन करते हुए उनकी नाक में चोट लगी और यह लगभग कट ही गई। इस हादसे से रेबेल डर गईं। इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी हैं।



# शेयर की सरदार जी-3 की तस्वीरें...


**मुंबई।** पंजाबी एक्ट्रेस नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3', 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले गुरुवार को नीरू ने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कई तस्वीरें और बीटीएस वीडियोज शेयर किए हैं। फिल्म की इन तस्वीरों और वीडियोज पर फैंस मजेदार कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। फैशन ब्लॉगर रवलीन कौर ने लिखा, 'हमारी खूबसूरत रानी', एक फैन ने लिखा, फिल्म के लिए शुभकामनाएं , एक और फैन ने लिखा, रानी, एक और फैन ने लिखा, सुन्दर राजकुमारी, एक और फैन ने लिखा, लाल रंग में बहुत खूबसूरत, एक और फैन ने लिखा, वह सबसे सुंदर, सबसे हॉट है और उसके कपड़े बहुत सुंदर हैं, एक और फैन ने लिखा, 'हमारी खूबसूरत खूबसूरत महिला'।



# कालीधर लापता का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के फैंस के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही हैं। अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'कालीधर लापता' का ऐलान कर दिया है और उसका पोस्टर भी जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज तारीख की भी घोषणा कर दी है। फिल्म के पोस्टर में अभिनेता किसी बच्चे के साथ एक पेड़ पर बैठे दिख रहे हैं। इसमें वो किसी उम्रदराज और अनुभवी इंसान की भूमिका में दिख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप! कभी-कभी, खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपने, ट्विस्ट और इसे सार्थक बनाने वाले लोगों से भरपूर।' यह फिल्म 4 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन मधुमिता ने किया है।

टीवी मसाला



# भाग्य लक्ष्मी सीरियल ने दर्शकों को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** सीरियल भाग्य लक्ष्मी में लीड रोल में ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचंती नजर आते रहे हैं। यह सीरियल में लक्ष्मी और ऋषि के किरदार में नजर आते हैं। दोनों की रोमांटिक जोड़ी को दर्शक काफी पसंद भी करते हैं। अब तक इस सीरियल के 1350 से अधिक एपिसोड टेलीकास्ट हो चुके हैं। प्यार, रिश्तों और परिवार के ईद-गिर्द बुनी गई इस सीरियल की आखिर अब आखिर मोड़ पर आ चुकी है। सीरियल भाग्य लक्ष्मी अब खत्म हो रहा है तो लीड कैरेक्टर लक्ष्मी और ऋषि की जिंदगी में भी खुशियां शामिल होंगी। सीरियल एक हैप्पी एंडिंग पर खत्म होगा। दर्शक भी दोनों किरदारों को खुश देखना चाहते हैं। इस सीरियल की टीम ने आखिर दिन की शूटिंग पर जश्न भी मनाया है। सीरियल में काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में ऐश्वर्या खरे ने कहती हैं, मैं लगभग चार साल से लक्ष्मी का किरदार निभा रही हूं, उसकी जिंदगी को जी रही हूं। यह मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं है, यह किरदार मेरी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मैं ऑडियंस को भी थैंक्स कहूंगी कि उन्होंने इस सफर में मेरे किरदार को बहुत प्यार दिया। ऐश्वर्या आगे कहती हैं, शूटिंग के दौरान सेट पर सब लोग परिवार की तरह बन गए। को एक्टर्स से लेकर डायरेक्टर तक मेरे लिए खास हैं। रोहित सुचंती कहते हैं, ऋषि ओबेरॉय का किरदार मेरे लिए बहुत खास है। इस किरदार और शो ने मुझे पहचान दी है। शो अब खत्म हो रहा है मगर यह बात स्वीकार करना आसान नहीं है। यह सेट मेरे लिए घर जैसा हो गया था।

## शो के बंद होते ही कम हो जाती है पॉपुलैरिटी


**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित टीवी शो 'भाबी जी घर पर हैं' में सक्सेना जी का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले सानंद वर्मा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अब उन्होंने खुलासा किया है कि पॉपलैरिटी



आर्टिस्ट की सिर्फ तब तक है, जब तक आपका शो चल रहा है, तब तक आपकी पहचान है। सानंद वर्मा को हाल ही में इंडस्ट्री में 15 वर्ष पूरे हुए हैं। इस मौके पर एक्टर अपने करियर और संघर्ष पर बात करते दिखे। उनका कहना है कि जब तक कोई अभिनेता टीवी पर नजर आता है, तब तक लोग उसे पहचानते हैं और पसंद करते हैं। जैसे ही वह काम करना बंद करता है या टीवी से दूर हो जाता है, लोग उसे भूलने लगते हैं। टीवी इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है, इसमें कई मुश्किलें होती हैं। इसके बावजूद, टीवी पर काम करने के फायदे भी बहुत हैं, क्योंकि इससे एक कलाकार को बड़ा दर्शक वर्ग मिलता है।

# लंदन की सड़कों पर बेफिक्र घूमते नजर आए जान्हवी-शिखर...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया कथित तौर पर कई समय से एक-दूजे को डेट कर रहें हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी खुलकर इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि, कई बार उनके वीडियो और साथ में प्रेजेंस यह साबित कर चुके हैं कि दोनों में कुछ तो खिचड़ी पक रही है। गुरुवार को एक वीडियो लंदन से सामने आया है, जिसमें जान्हवी और शिखर दोनों ही खुलेआम लंदन की सड़कों पर एक-दूजे के साथ हाथों में हाथ थामे रोमांटिक अंदाज में घूमते नजर आ रहे हैं। इन दोनों के साथ जान्हवी की बहन खुशी कपूर भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स भड़क गए हैं और लगातार अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इस वीडियो में जान्हवी और शिखर की प्रेम कहानी साफ दिख रही है। इस दौरान जान्हवी ने ऑफ शोल्डर ब्लैक टॉप के साथ कार्गो पैंट कैरी की हुई है, जबकि शिखर टी-शर्ट और पेंट के साथ कैजुअल लुक में नजर आए। वहीं, खुशी कपूर भी सिंपल अंदाज में नजर आ रही हैं।



# जारी हुआ 'सन ऑफ सरदार 2' का पहला पोस्टर, टैंकर पर खड़े नजर आए अजय

*मुंबई। अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अजय देवगन पगड़ी पहने सरदार के लुक में नजर आ रहे हैं। वह दो टैंकरों पर खड़े हैं। उन्होंने पैंट, टीशर्ट, सदरी पहनी हुई है। ऊपर से काली जैकेट पहनी है। पोस्टर पर लिखा है 'सन ऑफ सरदार 2'। इसकी टैग लाइन है 'द रिटर्न ऑफ सरदार' (सरदार की वापसी)। अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर और संजय दत्त अहम रोल में होंगे। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन अजय देवगन कर रहे हैं। नए पोस्टर के मुताबिक 'सन ऑफ सरदार 2' 25 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा सोनाक्षी सिन्हा और संजय दत्त थे। फिल्म में दिखाया गया था कि अजय देवगन को सोनाक्षी से प्यार हो जाता है लेकिन सोनाक्षी के भाई संजय दत्त इस रिश्ते के खिलाफ होते हैं। फिल्म इसी के आस-पास घूमती है। फिल्म का बजट 30 करोड़ रुपये था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 161.48 करोड़ रुपए की कमाई की थी।*




## प्रतिद्वंद्वी स्टार्स भी चाहते थे कि ये जल्दी कॅरियर से जाए बाहर

# अपने पैर पर गोविंदा ने खुद मारी कुल्हाड़ी? अंधविश्वास में चौपट कर लिया कॅरियर

*नई दिल्ली। बॉलीवुड हीरो गोविंदा ने कई साल इंडस्ट्री पर राज किया। एक से एक सुपरहिट फिल्में दीं। लेकिन, जिस तरह वह कॅरियर से धीरे-धीरे बाहर हो गये ये बात सबको खटकती है। कोई कुछ कारण देता है तो कोई कुछ. हाल में ही फिल्ममेकर, प्रोड्यूसर और पूर्व सीबीएफसी चीफ पहलाज निहलानी ने खुलकर गोविंदा के कॅरियर पर बातचीत की। उन्होंने तो बातों ही बातों में एक्टर को नासमझ भी कह दिया। पहलाज निहलानी ने एक इंटरव्यू में गोविंदा को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनके कॅरियर को खराब करने वाले कई लोग हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी स्टार्स भी थे। जो चाहते थे कि ये जल्दी कॅरियर से बाहर जाए।*



### तब मिले थे गोविंदा से

पहलाज और गोविंदा ने रंगीला राजा में साथ में काम किया था। तब दोनों के बीच ऐसी खटपट हुई थी कि आजतक दोबारा दोनों की बात शुरू नहीं हुई। हालांकि, जब गोविंदा को गोली लगी थी तो वह उनसे मिलने जरूर गए थे।

### पार्टनर का किस्सा बताया

पहलाज ने गोविंदा को नासमझ भी बताया। उन्होंने पार्टनर फिल्म का किस्सा बताया। उन्होंने कहा, 'गोविंदा बहुत सीधे हैं। पार्टनर में डेविड धवन चाहते थे कि गोविंदा ही किरदार निभाएं, लेकिन दावाकिया गया कि डेविट और सलमान ने गोविंदा के गिरते हुए कॅरियर को संभालने के लिए उनकी मदद करते हुए उन्हें कास्ट किया। जबकि सच ये था कि वो किरदार बना ही गोविंदा के लिए था।'



### इसलिए गिरने लगा गोविंदा का कॅरियर

इसी दौरान पहलाज निहलानी ने बताया, 'गोविंदा एक ऑलराउंडर एक्टर थे। अपने कॅरियर को उन्होंने बहुत अच्छे से संभाला था। मगर उनकी एक कमजोरी है कि वह लोगों पर बहुत जल्दी भरोसी कर लेते हैं और उनके आस-पास का माहौल अच्छा नहीं था। इसलिए, वह भटक जाते हैं। वह पंडितों व ज्योतिषियों की संगति में ज्यादा रहने लगे थे। धीरे -धीरे लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। ये सब इंडस्ट्री के करियर के लिए नुकसानदेह होता है।'

### डेविड ने भरा गोविंदा के दिमाग में जहर

गोविंदा और डेविड धवन ने कई साल तक साथ में काम किया। कई हिट फिल्में भी दीं, लेकिन फिर दोनों के बीच खटास आ गई और दोनों ने आखिरी बार पार्टनर में ही साथ में काम किया था।

### फिर करना बंद कर दिया काम

पहलाज निहलानी ने तो डेविड धवन को घेरा। उन्होंने कहा कि डेविड ने ही गोविंदा को भड़काया था। इसी वजह से उन्होंने पहलाज के साथ काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा, 'डेविड धवन ने गोविंदा के दिमाग में मेरे खिलाफ जहर भरा था।'